


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 65 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 05 दिसम्बर 2025 डाक 06 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी नई दिल्ली में डीआरआई स्थापना दिवस समारोह में गेस्ट ऑफ़ ऑनर के तौर पर शामिल हुए



**देश-विदेश**
बच्चों की मौत का कफ सिरप! ईडी ने कसा शिकंजा चेन्नई में मिला बेनामी संपत्ति का जखीरा, बड़ी कार्रवाई



**फीचर पेज**
सर्दियों में डेनिम जैकेट के साथ इन कपड़ों का करें चयन, दिखेंगी स्टाइलिश और आरामदायक



## रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

**नईदिल्ली 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन राष्ट्रपति भवन पहुंच चुके हैं, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति भवन पहुंचने पर पुतिन को 21 तोपों की सलामी दी गई। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत के दौरे पर हैं। गुरुवार को वह दिल्ली पहुंचे, जहां पीएम मोदी ने खुद एयरपोर्ट पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। आज रूसी राष्ट्रपति के दौरे का दूसरा दिन है। आज पुतिन और पीएम मोदी 23वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। आज की मीटिंग में सारा फोकस ट्रेड, डिफेंस और एनर्जी से जुड़े कई



समझौतों पर होगा जिसका ऐलान दोनों नेता जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में करेंगे। शाम को 7 बजे पुतिन भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ मीटिंग के लिए राष्ट्रपति भवन जाएंगे। 2022 में रूस-यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद से यह पुतिन का पहला भारत दौरा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में पहुंचे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में व्लादिमीर पुतिन के स्वागत की तैयारियां चल रही हैं, जहां रूसी राष्ट्रपति का चार वर्षों में पहली बार भारत दौरे पर औपचारिक स्वागत किया जाएगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के औपचारिक स्वागत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति भवन पहुंचे। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने उनका स्वागत किया। 23वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन में रक्षा सहयोग को मजबूत करना, बाहरी दबावों से द्विपक्षीय व्यापार को सुरक्षित रखना और स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर पर सहयोग के नए रास्ते तलाशना मुख्य एजेंडा रहेगा। बातचीत के दौरान भारत रूस से कच्चे तेल के भारी आयात के कारण बढ़ते व्यापार घाटे पर चिंता जताएगा। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका ने रूस से भारत की तेल खरीद पर भारी टैरिफ लगाकर नई दिल्ली-वॉशिंगटन संबंधों में तनाव बढ़ा दिया है, और इसी प्रभाव पर भी चर्चा होगी।

पुतिन यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका की हालिया पहलों की जानकारी प्रधानमंत्री मोदी के साथ साझा करेंगे। भारत लगातार वार्ता और कूटनीति को ही समाधान मानता आया है। ऊर्जा सहयोग भी केंद्र में रहेगा, क्योंकि ताजा अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत के तेल आयात घटने पर रूस ने कच्चे तेल पर अतिरिक्त छूट देने की पेशकश की है।

### आरबीआई ने दिया आम लोगों को तोहफा

## रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट घटाया, कम हो जाएगी ईएमआई



**नईदिल्ली 05 दिसम्बर ।**

भारतीय रिजर्व बैंक ने मॉनिटरी पॉलिसी की बैठक में बड़ा फैसला लिया है और रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट घटा दिया है. अब रेपो रेट 5.25 फीसदी हो गया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि रेपो रेट में कटौती तत्काल प्रभाव से लागू होगी। आरबीआई के इस कदम से होम लोन की ईएमआई कम हो जाएगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि पिछला महीना हमारे लिए बड़ी चुनौती भरा रहा है, लेकिन अब आगे का महीने जीडीपी से लेकर महंगाई तक अच्छा रहने वाला है। हमारा महंगाई टारगेट 2 फीसदी रहने वाला है। दूसरी तिमाही में रीयल जीडीपी ग्रोथ 8.2 फीसदी रहा है। इस साल के पहले छमाही में जीडीपी 8 फीसदी रहने का अनुमान है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि हम रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती कर रहे हैं, जो तुरंत प्रभाव से लागू होंगे। आरबीआई के इस फैसले से अब रेपो रेट घटकर 5.25 फीसदी हो जाएगा।

भारतीय रिजर्व बैंक ने 2025 में रेपो रेट में 3 बार कटौती की है। फरवरी में आरबीआई ने 25 बेसिस पॉइंट रेपो रेट कट किया था। फिर अप्रैल में रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की गई और जून में इस साल की सबसे बड़ी 50 बेसिस पॉइंट की कटौती की गई थी। कुल मिलाकर इस साल रेपो रेट में 100 बेसिस पॉइंट या 1 फीसदी रेपो रेट की कटौती हुई है। वहीं इस साल की कटौती से पहले रेपो रेट की दरें दो बार स्थिर रहीं थी। हालांकि अब रेपो रेट 6.50 फीसदी से कम होकर 5.25 फीसदी पर आ चुका है।

## बीएचयू सेंट्रल लाइब्रेरी में लगी आग, मौके पर भगदड़ की स्थिति, बड़ी मुश्किल से पाया आग पर काबू

**वाराणसी 05 दिसम्बर।** बीएचयू के सेंट्रल लाइब्रेरी में शुक्रवार की सुबह भीषण आग लगने के बाद छात्रों के बीच भगदड़ की स्थिति हो गई। सुबह करीब दस बजे के आसपास भवन के ऊपरी भाग में धुआं देखे जाने के बाद मौके पर लोगों को जबतक पूरी तरह घटना की जानकारी होती तबतक धुआं और भरने के साथ ही आग भी भड़क उठी। आनन फानन दमकल कर्मियों को विभाग की ओर से सूचना दी गई तो टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

परिसर में मौजूद कर्मचारियों के अनुसार धुआं भरने के बाद अचानक तेज आग धधकने लगी। आग भड़कने की वजह से वहां आसपास मौजूद छात्रों ने भागकर अपने को सुरक्षित किया। कर्मचारियों ने प्रारंभिक तौर पर शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका जताई है।

## अनिल अंबानी की रिलायंस के खिलाफ एक्शन में ईडी अटैच की 1120 करोड़ की नई संपत्तियां, शेयर हुए धड़ाम

**नईदिल्ली 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

अनिल अंबानी की रिलायंस ग्रुप इस समय संकट से गुजर रहा है। मनी लॉन्ड्रिंग जांच को आगे बढ़ाते हुए, एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट ने आज रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप की 1,120 करोड़ रुपये की नई संपत्तियां अटैच कर लीं। इनमें प्रॉपर्टी, फिक्स्ड डिपॉजिट, बैंक बैलेंस और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड , रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और यस बैंक में कथित धोखाधड़ी से जुड़े अनकोटेड इन्वेस्टमेंट



शामिल हैं। रिलायंस ग्रुप के खिलाफ इस मामले में कुल अटैचमेंट अब 10,117 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने बताया कि मुंबई के बैलार्ड एस्टेट में रिलायंस सेंटर सहित अठारह प्रॉपर्टी, फिक्स्ड डिपॉजिट, बैंक बैलेंस और रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप के अनकोटेड इन्वेस्टमेंट में शेयरहोल्डिंग को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत अस्थायी रूप से अटैच किया गया है। ग्रुप की दो कंपनियों के शेयर आज बढ़त के साथ खुले थे। लेकिन इस खबर को लिखते वक्त रिलायंस पावर के शेयर - 1.36 प्रतिशत फीसदी की गिरावट के साथ 37.65 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं।

### उत्तराखंड के चंपावत में एक हृदय विदारक हादसा

## 200 मीटर गहरी खाई में गिरी बारातियों की कार

## मां-बेटा समेत 5 लोगों की मौत



**चंपावत, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

पिथौरागढ़ जिले के सेराघाट क्षेत्र से चंपावत के पाटी आई बारातियों की कार देर रात दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गुरुवार देर रात पाटी के बालातड़ी से वापस लौटते समय बारातियों की कार घाट के आस बा क्षेत्र में गहरी खाई में गिर गई। हादसे में मां बेटा समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को लोहाघाट उप जिला अस्पताल लाया गया है। आपदा परिचालन केंद्र को रात तीन बजे घटना की सूचना मिली। इसके बाद एसडीआरएफ, पुलिस और प्रशासन की टीम मौके को रवाना हुई। प्रशासन मृतकों का ब्योरा जूटा रहा है। मृतकों के शवों को भी खाई से निकालने के बाद लोहाघाट उप जिला अस्पताल लाया गया है। बताया जा रहा है की शादी समारोह संपन्न होने के बाद बारात वापस गांव के लिए लौट रही थी। वाहन संख्या यूके 04 टीबी 2074 बोलेरा है। उसमें 10 लोग सवार थे। वाहन 200 मीटर गहरी खाई में गिरा है। मृतकों में मां बेटे भी शामिल हैं। बिलासपुर निवासी 28 वर्षीय भावना चौबे, भावना का छह वर्षीय बेटा प्रियांशु, 40 वर्षीय प्रकाश उनियाल। पंतनगर निवासी 35 वर्षीय केवल चंद्र उनियाल, 32 वर्षीय सुरेश नौटियाल। रुद्रपुर धीरज पुत्र प्रकाश चंद्र। लाखतोली निवासी 14 वर्षीय राजेश पुत्र उमेश चंद्र जोशी। दिल्ली निवासी पांच वर्षीय चेतन चौबे पुत्र सुरेश चौबे। किलोटा निवासी भास्कर पांडा, सल्ला भाटकोट, सेराघाट पिथौरागढ़ निवासी 38 वर्षीय वाहन चालक देवदत्त पुत्र रामदत्त।

### दिल्ली में महिला दारोगा को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा, पूछताछ में जुटी विजिलेंस विभाग की टीम

**दक्षिणी दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में थाना संगम



विहार में विजिलेंस विभाग की टीम ने छापा मारा। छापामारी के दौरान टीम ने एक महिला दारोगा को नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की मां से दो लाख रुपये की पहली किश्त लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। बताया गया कि विजिलेंस की टीम महिला दारोगा नमिता को अपने साथ ले गई है। फिलहाल महिला दारोगा से पूछताछ की जा रही है।

## ऑटो रिक्शा को अज्ञात वाहन ने रौंदा, तीन लोगों की मौत, दो घायल



**मुरादाबाद 05 दिसम्बर।** कुंदरकी क्षेत्र में ई ऑटो रिक्शा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसा रात करीब दो बजे हुआ। मुरादाबाद से चलकर इलेक्ट्रानिक ऑटो कुंदरकी आ रहा था। मुरादाबाद-अलीगढ़ राजमार्ग किनारे गांव भीकनपुर कुलवाड़ा में ओवरटेक करने के प्रयास में अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो पलट कर सड़क किनारे जा गिरा। हादसे में जैद पुत्र लियाकत मोहल्ला नुरुल्ला पैठ बाजार कुंदरकी, मो. सुल्तान पुत्र शमशाद हुसैन जयंतीपुर मझोला, चालक कृषनाथ पुत्र राजेंद्र भीतरगांव थाना शाहाबाद जनपद रामपुर की मौत हो गई, जबकि राजकुमार निवासी भीतरगांव थाना शाहाबाद जनपद रामपुर अनीस मोहल्ला नुरुल्ला पैठ बाजार कुंदरकी घायल हो गए। एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगाधर ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। सीसीटीवी कैमरे देखकर वाहन का पता लगाया जा रहा है।

## आईएएस संतोष वर्मा पर दर्ज हो एफआईआर, ब्राह्मण बेटियों वाले विवादित बयान पर विधानसभा में गरजे विधायक राजू तिवारी

**पटना 05 दिसम्बर।** मध्य प्रदेश के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संतोष वर्मा की टिप्पणी का मामला बिहार विधानसभा में भी गूंजा। लोजपा (रामविलास) के विधायक राजू तिवारी ने विधानसभा में यह मामला उठाया और इस टिप्पणी का दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सरकार से मांग की कि आईएएस अधिकारी पर प्राथमिकी दर्ज हो साथ ही उन पर कठोर कार्रवाई भी हो। राजू तिवारी ने कहा कि वे ब्राह्मण जाति से आते हैं। उन्हें सदन को यह बताना है एक आईएएस अधिकारी है संतोष वर्मा, जिन्होंने पद का मर्यादा को दरकिनार करते हुए ब्राह्मण बेटियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।




उन्होंने आसान, मुख्यमंत्री और सदन के सदस्यों से मांग की कि ऐसी टिप्पणी करने वाले अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी भी जाति या समाज की गरिमा को ठेस न पहुंचा सके। मध्य प्रदेश के आईएएस अधिकारी और अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के अध्यक्ष संतोष वर्मा ने बीते दिनों ब्राम्हण बेटियों को लेकर अभद्र टिप्पणी की। आरोप है कि आम सभा में आईएएस ने कहा था जब तक ब्राह्मण की बेटी की शादी मेरे बेटे से नहीं होती, तब तक देश में आरक्षण खत्म नहीं होगा।

## हम दुनिया में शांति ला रहे, रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने की कोशिशों के लिए ट्रंप ने खुद की पीठ थपथपाई

**वाशिंगटन, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने की अपनी कोशिशों के लिए खुद की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि अमेरिका पूरी दुनिया में शांति ला रहा है। ट्रंप ने कहा हम इतनी तेजी से युद्ध रुकवा रहे हैं कि पहले ऐसा कभी नहीं देखा गया। ट्रंप ने ये भी कहा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने हाल ही में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात में संकेत दिए हैं कि वे युद्ध खत्म करना चाहते हैं।



डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान में कहा, हम इतनी तेजी से युद्ध रुकवा रहे हैं कि पहले ऐसा कभी नहीं देखा गया। हम अब तक आठ युद्ध रुकवा चुके हैं। अब हम एक और युद्ध रुकवाने की कोशिशों में जुटे हैं और वो है रूस-यूक्रेन युद्ध और हमें लगता है कि हम आखिरकार युद्ध रुकवाने में कामयाब होंगे। बीते हफ्ते 8000 सैनिक मारे गए। बीते महीने 27 हजार सैनिक मारे गए। हमें इसे रोकना होगा और हम इसे रोकने के लिए कड़ी मेहनत कर भी रहे हैं।

वहीं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साफ कहा कि मॉस्को अपने सुरक्षा हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष प्रतिनिधि जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ ने मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। यह मुलाकात पांच घंटे चली थी लेकिन बैठक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। बैठक के बाद एक बयान में पुतिन ने कहा यह एक जरूरी और काम की बातचीत थी, लेकिन सहमति बनाना एक मुश्किल काम है।

### चलती कार में लगी आग धू-धूकर जली, बचे दो सवार

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के जाजमऊ चौकी क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ कानपुर हाईवे पर गुरुवार को रात लगभग आठ बजे पुलिस चौकी से लगभग पांच सौ मीटर पहले कल्लूपुरवा के पास चलती कार में आग लग गई। आग लगने से कार धू-धूकर जलने लगी। जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रचलित हो गया। कार में सवार दो लोगों ने कार से बाहर कूदकर जान बचाई। कोई हताहत नहीं हुआ है। आग लगने का कारण का पता नहीं चल सका है। फिलहाल कार में शार्ट सर्किट व ओवर हीट से आग लगने का अंदेशा जताया जा रहा है।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## मैदान छोड़ भाग गए तेजस्वी... आरजेडी नेता शिवानंद तिवारी के आरोप से चढ़ा बिहार का सियासी पारा

**पटना, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बिहार विधानसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा है। सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के उपस्थित न होने पर सत्ता पक्ष हमलावर है। इस बीच राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्वमंत्री शिवानंद तिवारी ने भी तेजस्वी यादव के विदेश जाने पर तंज कसा है।

राजद सुप्रीमो लालू यादव के बेटे पर एक बार फिर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि तेजस्वी ने मैदान छोड़ दिया है, अगले 5 साल तक विरोधी दल के नेता की भूमिका निभाने की क्षमता उनमें नहीं है। शिवानंद तिवारी ने गुरुवार को कहा कि विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान वे गैर




हाजिर थे। उन्होंने बताया कि वह दिल्ली गए। उनकी पत्नी एवं बच्ची पहले ही दिल्ली चले गए थे। ऐसी सूचना है कि तेजस्वी अपने परिवार के साथ यूरोप की यात्रा पर निकल गए हैं। आरजेडी नेता ने कहा कि बिहार में विरोध की राजनीति का पूरा मैदान खाली है। नीतीश कुमार पांच वर्षों तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे, यह भी अभी संदेह के घेरे में है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि नवगठित विधानसभा के प्रथम सत्र से ही नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का बिना किसी सूचना के गायब हो जाना यह स्पष्ट संकेत देता है कि विपक्ष न तो सदन की गरिमा के प्रति प्रतिबद्ध है और न ही समस्याओं के समाधान करने की गंभीर इच्छा रखता है। जिस समय बिहार के विकास, रोजगार, कृषि, कानून-व्यवस्था एवं बुनियादी ढांचे जैसे मुद्दों पर ठोस बहस और रचनात्मक सुझावों की आवश्यकता थी, विपक्ष का इस तरह सदन से पलायन करना उनकी जिम्मेदारी से भागने का प्रमाण है।

विपक्ष की यह गैर-जिम्मेदाराना हरकत उन करोड़ों बिहारवासियों का अपमान है जिन्होंने लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सदन से अनुपस्थित रहकर वे यह दिखा रहे हैं कि उन्हें जनता से कोई सरोकार नहीं, उनका लक्ष्य केवल राजनीतिक नाटक करना और सुर्खियां बटोरना है। लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना आवश्यक है, परंतु ऐसा विपक्ष जो सदन से ही गायब हो जाए, जनता की आवाज कैसे बनेगा।

# कोरबा जिले के लोग 3.33 अरब रामनाम का लेखन कर पुस्तिकाएं भिजवाएंगे अयोध्या

### विशेष अनुष्ठान की शुरूआत के लिए राम जानकी मंदिर में हुई पूजा अर्चना





**कोरबा।** जिले में राम नाम लेखन महायज्ञ का अभिनव प्रयोग किया गया है । राम जानकी मंदिर परिसर बुधवारी बाजार में पूजा अर्चना के साथ इसकी शुरुआत की गई। प्रारंभिक सोपान में 15 हजार राम नाम लेखन वाली पुस्तक उपलब्ध हुई है, जिनकी पूजा की गई। इस अवसर पर लोग काफी उत्साहित नजर आए।

शहर और विभिन्न क्षेत्रों से लोगों की इस अवसर पर उपस्थिति हुई। मंदिर के पुरोहित ने विधि विधान के साथ भगवान श्रीरामचंद्रजी के विग्रह के सामने पुस्तकों की पूजा सम्पन्न कराई। इसके साथ ही जिले के चयनित क्षेत्र के लिए इन पुस्तकों का वितरण किया गया। राम नाम लेखन महायज्ञ के जिला अध्यक्ष राम सिंह अग्रवाल ने बताया कि 3 अरब 33 करोड़ राम नाम लेखन इन पुस्तिकाओं में लिखा जाना है। लगभग 3 लाख पुस्तिका इस अभियान का हिस्सा बनेंगी। अभियान की शुरुआत होने के साथ पुस्तकों का वितरण विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा। इसके बाद यह पुस्तक लोगों तक पहुंचेंगीराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह कैलाश नाहक ने बताया कि संघ के 100 वर्ष पूरे होने को उपलक्ष में इस अभियान को कोरबा जिले में हाथ में लिया गया है। नगर से लेकर बस्ती और मंडल तक इसकी संरचना की गई है। अभियान के अंतर्गत एक परिवार में तीन पुस्तक दी जाएगी और वहां से हमें 48000 राम नाम प्राप्त होंगे। 18 दिसंबर को गुरुघासीदास जयंती से राम नाम लेखन अभियान विधिवत प्रारंभ होगा जो 24 दिसंबर तक चलेगा। 25 दिसंबर को अपने -अपने बस्ती और मंडल केंद्रों पर पुस्तिकाओं को इकत्र कर रामनाम महायज्ञ होगी और राम खिचड़ी का प्रसाद खाकर लोग इसे संपन्न करेंगे। इस प्रकार 25 दिसंबर को विभिन्न बस्तियों और मंडलों में 132 स्थानों पर यह आयोजन संपन्न होगा।एक सप्ताह में राम नाम लेखन पूरा होगा और इसके बाद पुस्तिकाओं का संग्रहण करने के बाद राम मंदिर अयोध्या की दूसरी वर्षगांठ से पहले 14 जनवरी मकर संक्रांति के शुभ दिवस पर इसे अयोध्या धाम पहुंचाया जाएगा।राम नाम लेखन अभियान के श्रीगणेश के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक अशोक तिवारी सहित अखिलेशमणि त्रिपाठी, कमलेश यादव, योगेश्वर, उमेंदराम साहू, राजकुमार ठाकुर, उमेश सोनी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रही।



## दो राईस मिल के सत्यापन में खाद्यान्न की अतिरिक्त मात्रा मिली अधिकारियों को

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशानुसार बुधवार 03 दिसंबर को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पोड़ी उपरोड़ा के नेतृत्व में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहायक खाद्य अधिकारी, मंडी उपनिरीक्षक, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी की संयुक्त टीम द्वारा कसनिया एवं सुतर्रा क्षेत्र के कुल 7 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान श्रीराम राइस मिल, कसनिया के गोदाम में 3073 कट्टी (1229.20 क्विंटल) अतिरिक्त धान तथा 1500 क्विंटल अतिरिक्त चावल पाया गया, जिसके संबंध में मिल प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इस हेतु अतिरिक्त पाए गए धान को गोदाम में सील कर प्रोपाइटर के सुपुर्द रखा गया। इसी प्रकार कुशल राइस मिल, सुतर्रा में 749.44 क्विंटल धान की कमी दर्ज की गई। शेष 4 राइस मिलों मेंं सीएमआर शून्य प्रदर्शित था, किसी भी प्रकार की धान या चावल की कमी-बेशी नहीं पाई गई। संयुक्त दल द्वारा संपूर्ण कार्यवाही नियमानुसार संपादित की गई एवं प्रकरण संबंधित विभागों को अग्रेषित किया जा रहा है।



## तहसील पाली में अवैध धान भंडारण पर कार्यवाही, 107 क्विंटल धान जप्त

**कोरबा ।** तहसील पाली क्षेत्र में अवैध धान भंडारण पर लगातार कार्रवाई करते हुए बुधवार 03 दिसंबर को ग्राम परसदा में थोक व्यापारी अजय किराना (संचालक- द्वारिका जायसवाल) के प्रतिष्ठान में अवैध रूप से संग्रहित 241 बोरी धान (लगभग 107 क्विंटल) पाया गया।

मंडी अधिनियम के अंतर्गत यह कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली श्री रोहित सिंह के निर्देशन में तहसीलदार श्री भूषण सिंह मंडावी, नायब तहसीलदार श्री सुजीत पाटले, मंडी निरीक्षक श्री दिनेश, खाद्य निरीक्षक तथा हल्का पटवारी की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

अवैध रूप से संग्रहीत धान को नियमानुसार जप्त कर पंचनामा तैयार किया गया एवं आगे की कार्रवाई हेतु प्रकरण संबंधित विभाग को प्रेषित किया जा रहा है।



## विधिक सेवा प्राधिकरण ने अधिकारों की जानकारी दी विद्यालय की छात्राओं को

**कोरबा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण और स्वयंसेवी संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी विद्यालय साडा, जिला कोरबा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सचिव कु. डिम्पल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा ने दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के तहत अधिकारों को बढ़ावा देना एवं चुनौतियों के प्रति जागरूक करना तथा दिव्यांग बच्चों को शिक्षा रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, आवागमन और न्याय तक समान अवसर, समान सम्मान, गैर भेद-भाव का पूर्ण कानूनी अधिकार के बारे में जागरूक किया साथ ही दिव्यांग छात्र/छात्राओं को उपहार में चित्रकला सामग्री वितरित कर उनके द्वारा बनाये गये चित्रकला का अवलोकन कर, एकता दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

रोहित राजवाड़े, चीफ, लीगल एड डिफेन्स कौंसिल ने अपने उद्बोधन में दिव्यांगजनों को बताया कि ईश्वर ने आपसे कुछ लिया है तो कुछ विशेष दिया भी है दिव्यांगता के साथ कुछ विशेष गुण उपलब्धियां दिया है जिससे आप श्रेष्ठता की शिखर तक पहुँचते है एवं डिप्टी चीफ नंदकिशोर पासवान ने प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले बच्चे एवं अभिभावकों को इस दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाये जाने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर शिक्षा विभाग की ओर जिला शिक्षा अधिकारी, टी.पी. उपाध्याय ने अपने उदबोधन में बताया कि कल्पना कीजिए एक ऐसे बचीगे की जिसमें तरह-तरह के फूल खिलते हैं किसी का अपना रंग है तो किन्ही की अपना खुशबु, और वही विशेषता या योग्यता ही उसे समक्ष बनाती है। डी.एम.सी. मनोज पाण्डेय, उपसंचालक समाज कल्याण हरीश सक्सेना ने बताया कि सामाज कल्याण विभाग दिव्यांगजनों के सहयोग में अनुकुल वातावरण तैयार करता है जिससे सामाजिक तथा आर्थिक दोनो स्तर व्यापक सकारात्मक परिवर्तन संभव होते हैं। देश में करोड़ां दिव्यांग विज्ञान तकनीकी, तथा उद्यमिता जैसे क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे है। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं सहायक लीगल कौसिल, पैरालीगन वालेटियर्स तथा डी.एल.एस.ए. / एल.ए.डी.एस. कर्मचारी उपस्थित रहें।

## सांस्कृतिक वैभव से परिपूर्ण अतुल्य भारत का इतिहास गौरवशाली रहा है: ऋषभ सिंह




### सिंघिया में आयोजित हो रहा कृषि महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर, हुआ नुक्कड़ नाटक का मंचन

**कोरबा/कटघोरा।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा कोरबा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सिंधिया स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में किया जा रहा है। शिविर के चतुर्थ दिवस विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। गतिविधियों में प्रमुख रूप से सुबह योग प्राणायाम किया गया। योगाभ्यास में स्वयंसेवकों के साथ स्थानीय बालिका छात्रावास के बालिकाओं ने भी शामिल हुए। तत्पश्चात स्वयंसेवकों के द्वारा प्राथमिक शाला सिंघिया, बस स्टैंड एवं स्थानीय बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया गया। लगभग एक क्विंटल प्लास्टिक एवं अपशिष्ट जमा कर निपटान हेतु सरपंच सिंधिया मनोज टेकाम से आग्रह किया गया। दोपहर में बौद्धिक चर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में प्रचारक ऋषभ सिंह ने भारत के गौरवशाली इतिहास, देश का नामकरण भारत से इंडिया कैसे पड़ा, इस विषय पर सारगर्भित जानकारी प्रदान करते हुए स्वयंसेवकों एवं स्कूल में अध्यनरत छात्रों के साथ चर्चा की। उन्होंने अपने उद्बोधन में भारत के 2500 वर्ष के इतिहास का पुनरावलोकन किया। विद्यार्थियों के मध्य अपने 30 मिनट के व्याख्यान में तथ्यपूर्ण एवं धारा प्रवाह जानकारी प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने भारत के इतिहास इतिहास के बारे में प्रथम बार जानकारी प्राप्त किया एवं उत्साहित नजर आए। दूसरे वक्ता के रूप में सहायक प्राध्यापक डॉ दिनेश सिंह धुर्वे ने ई गवर्नेंस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात सहायक प्राध्यापक योगेंद्र सिंह द्वारा मोर बारी मोर सब्जी के साथ किचन गार्डन कैसे तैयार करते हैं, कितने परिवार के लिए कितने कम लागत में सब्जी का उत्पादन सालभर छोटे से एरिया में किया जा सकता है, इस विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। अंत में स्वयंसेवक अनुष्ठा एवं उनके साथियों के द्वारा आजकल हो रही ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने के लिए नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसका शीर्षक ऑनलाइन ठगी कैसे रोके रहा। कार्यक्रम में आत्मानंद स्कूल की प्राचार्य श्रीमती संगीता साव एवं कार्यक्रम अधिकारी बीआर जाटवर भी उपस्थित रहे। अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ एसएस पोर्ते के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर का सफल एवं सुचारु संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रोशन भारद्वाज व डॉ साधना साहा द्वारा किया जा रहा है।

## विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 08 दिसंबर को

**कोरबा।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कोरबा ब्लाक अंतर्गत विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयेजन 08 दिसंबर को विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा क्रमांक 01, में आयोजित किया जायेगा। प्रतियोगिता में 10 खेल - एथलेटिक्स में 100 मी, 400 मी, तवा फेंक, खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी को सम्मिलित किया गया है। महिला खेल प्रतियोगिता अंतर्गत 02 आयु वर्ग 09-18 वर्ष तक एवं 19-35 वर्ष तक महिला-बालिका खिलाड़ियों को भाग लेने की पात्रता होगी।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोरबा ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी जो प्रतियोगिता में सम्मिलित होना चाहते हैं वे खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 05 दिसंबर से विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा क्रमांक 01 में पंजीयन प्रभारी श्री राजेश पाण्डेय, क्रीड़ा प्रभारी (मो.नं. 7999731857) से संपर्क कर पंजीयन कराकर प्रतियोगिता में सम्मिलित हो सकते हैं।



## प्रभारी सचिव डॉ. रोहित यादव ने कटघोरा में शासकीय कन्या विद्यालय का किया निरीक्षण

**कोरबा ।** जिले के प्रभारी सचिव डॉ. रोहित यादव ने आज कटघोरा स्थित श्रीमती सरबती देवी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। जहाँ उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षण प्रक्रिया और छात्राओं की परीक्षा तैयारी का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान वे कक्षाओं में पहुँचे, जहाँ उस समय रसायनशास्त्र (केमिस्ट्री) की कक्षा चल रही थी। डॉ. यादव ने कक्षा 12वीं की छात्राओं से विषय से जुड़े प्रश्न पूछकर उनकी समझ का आकलन किया। उन्होंने गणित (मैथ्स) और जीवविज्ञान (बायो) विषयों का अध्ययन कर रहीं छात्राओं से भी उनकी पढ़ाई, तैयारी और अध्ययन के तरीकों पर बातचीत की। छात्राओं से भविष्य के लक्ष्य पूछने पर जब कई छात्राओं ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई, तो डॉ. यादव ने चिकित्सा क्षेत्र में प्रवेश की पूरी प्रक्रिया को सरल रूप से समझाया। उन्होंने छात्राओं को तैयारी के आवश्यक चरणों और सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन भी दिया। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा नीट और आईयूपीएसी के पूर्ण रूप भी पूछे, जिनका छात्राओं ने आत्मविश्वास से उत्तर दिया।डॉ. यादव ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सिलेबस की प्रगति, कक्षा संचालन, टाइम-टेबल और विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक वातावरण पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नियमित रिवीजन अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि निरंतर अभ्यास न होने पर विद्यार्थी विषयों को भूलने लगते हैं। उन्होंने कहा कि समयबद्ध दोहराव से न केवल याददाश्त मजबूत होती है, बल्कि परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन भी संभव होता है। उन्होंने छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य और आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दीं। साथ ही उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए बधाई दिया।इस दौरान कलेक्टर श्री अजीत वसंत, जिला शिक्षा अधिकारी श्री तामेश्वर उपाध्याय सहित शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहें।

## प्रभारी सचिव डॉ. रोहित यादव ने पाली-बक्साही धान उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं का किया गहन निरीक्षण



**कोरबा ।** जिले के प्रभारी सचिव डॉ. रोहित यादव आज एक दिवसीय प्रवास पर कोरबा पहुंचे। प्रवास के दौरान उन्होंने पाली विकासखसंड के धान उपार्जन केंद्र पाली एवं बक्साही का स्थलीय निरीक्षण करते हुए खरीदी व्यवस्था की गहन समीक्षा की। डॉ. यादव ने दोनों केंद्रों में मौजूद सुविधाओं, तकनीकी व्यवस्था, भंडारण प्रणाली तथा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

निरीक्षण में उन्होंने कंप्यूटर ऑपरेटरों से उपार्जन से संबंधित विस्तृत जानकारी लेते हुए जाना कि उपार्जन केंद्र में अब तक कितने किसानों ने धान बेचा है, प्रतिदिन किसानों की उपस्थिति कितनी रहती है तथा कुल कितना धान खरीदा जा चुका है। समिति प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि बक्साही उपार्जन केंद्र में आज 16 टोकन जारी किए गए। डॉ यादव ने अधिकारियों से डेटा की पारदर्शिता एवं सटीकता पर विशेष ध्यान देने को कहा ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होती रहे।

डॉ. यादव ने टोकन वितरण की 70:30 अनुपात व्यवस्था की बारीकियों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि बड़े किसानों के साथ छोटे और सीमांत किसानों के हितों की समान रूप से रक्षा होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार की नीति प्रत्येक किसान को समान अवसर और सुविधा सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद भी किया।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर साडा कन्या स्कूल में छात्राओं ने दी प्रस्तुति



**कोरबा ।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन समाज कल्याण विभाग कोरबा एवं स्कूल शिक्षा विभाग कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टी.पी. नगर, कोरबा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम कोरबा की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिक निगम कोरबा के सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन एवं श्रीमती प्रेमलता बंजारे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपसंचालक समाज कल्याण श्री हरीश कुमार सक्सेना एवं सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा सुश्री डिंपल भेड़िया द्वारा माता सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इनरव्हील एजुकेशन सोसायटी, अंकुर स्पेशल स्कूल एवं उमंग दिव्यांग विद्यालय द्वारा बनाए गए चित्रों एवं अन्य कलाकृतियों का स्टॉल लगाया गया, जिसका अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया।

विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि:शक्तजन अधिकार अधिनियम 2016 की जानकारी बच्चों को प्रदान की गई। सचिव श्रीमती भेड़िया द्वारा श्रवणबाधित बच्चों की 50 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। विशेष विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी.पी. उपाध्याय ने समग्र शिक्षा मिशन अंतर्गत दिव्यांग छात्रों के लिए संचालित योजनाओं एवं सहयोगात्मक व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में दिव्यांग बच्चों के उत्साह, प्रतिभा एवं उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की तथा समाज एवं शासन द्वारा प्रदत्त सहयोग को प्रभावी बताया।

मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजन अपनी प्रतिभा एवं दृढ़ संकल्प से नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों, शिक्षकों, अधिकारीदृकर्मचारियों एवं अभिभावकों को अल्पाहार एवं भोजन कराया गया। सभी प्रतिभागी दिव्यांग छात्रों को मुख्य अतिथि एवं सम्माननीय अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, उपसंचालक समाज कल्याण, जिला मिशन समन्वयक, परिवीक्षा अधिकारी, साडा कन्या उ.मा.वि. के प्राचार्य रणधीर सिंह इनरव्हील एजुकेशन सोसायटी, अंकुर स्पेशल स्कूल, उमंग विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, समाज कल्याण एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कैसी है अस्पताल की व्यवस्था, वार्ड में धूमकर अधिकारी ने लिया जायजा

**कोरबा ।** जिले के प्रभारी सचिव डॉ. रोहित यादव ने अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र की संपूर्ण व्यवस्थाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों की सुविधा का गहन अवलोकन किया।

डॉ. यादव ने सीएचसी के निरीक्षण के दौरान जनऔषधि केंद्र में दवाओं की उपलब्धता, वितरण की प्रक्रिया और उनकी गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने सभी जरूरी दवाएँ मरीजों को नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारियों की संख्या, ओपीडी सेवाओं की उपलब्धता के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने डॉक्टरों से चर्चा करते हुए भर्ती मरीजों की संख्या, उपचार प्रक्रिया और आने वाली चिकित्सा चुनौतियों के समाधान के संबंध में विस्तृत चर्चा की। डॉक्टरों नें बताया कि अब स्वास्थ्य केंद्र में बिस्तरों की संख्या 50 से बढ़ाकर 100 कर दी गई है, जिससे अधिक संख्या में मरीजों को भर्ती और बेहतर सुविधा प्रदान की जा सके।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न वार्ड का अवलोकन किया। उन्होंने उपचाराधीन मरीजों से स्वास्थ्य लाभ, खाने-पीने तथा देखभाल की सुविधाओं की जानकारी ली। डॉ. यादव ने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान डॉ. यादव ने शिशु चिकित्सक वार्ड का निरीक्षण भी किया। उन्होंने नवजात बच्चों की स्थिति, उनके उपचार और स्वास्थ्य सुरक्षा की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने केंद्र में बच्चों के लिए सभी जरूरी संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने निर्देशित किया। साथ ही ऑपरेशन थिएटर का अवलोकन कर केन्द्र की सर्जिकल सुविधाओं और उपकरणों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान प्रभारी सचिव डॉ यादव ने स्वास्थ्य केंद्र की इन्फ्रास्ट्रक्चर, उपकरण और सुविधाओं की प्रशंसा की।

## ठंड के असर ने लोगों को किया परेशान

**सक्ती।** जिले में तेज ठंड पड़ने लगी है। तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। ऐसे में अब 5 दिसंबर से न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री और अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। आसमान पर बादल छाए रहने के कारण दिन के समय भी हल्की ठंड का एहसास होने लगा है।पिछले करीब 2 दिनों से पहले की अपेक्षा ठंड बढ़ चुकी है। न्यूनतम तापमान में गिरावट होने से सुबह के समय भी ठंड का एहसास हो रहा है और दोपहर की तेज धूप कुछ हद तक राहत दे रही है।वहीं शाम होते ही लोग गरम कपड़ों और अलाव का सहारा लेकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। यही नहीं मौसम विभाग के रिकार्ड के अनुसार आने वाले दिन में तापमान में गिरावट होने से न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक पहुंच जाने की संभावना है।

इसका असर ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा देखा जा रहा है। जहां शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा कड़कड़ाती ठंड पड़ रही है। सुबह के समय कापू, छाल क्षेत्रों की सड़कों में कोहरा भी छाया रहता है। मौसम विभाग के रिकार्ड के अनुसार, तापमान में और भी गिरावट होगी। ऐसे में 6 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 10.9 व अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

# खैरा में धान फसल में लगाई आग, भारी नुकसान

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम खैरा में खेतों में रखी लगभग 1 एकड़ 75 डिसमिल धान की खरही में आग लग गई। किसान गोपाल कश्यप और उनके भाई बहादुर कश्यप ने गांव के ही किसी व्यक्ति पर जानबूझकर आग लगाने का आरोप लगाया है।

मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस घटना से किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना के संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

किसान गोपाल कश्यप ने बताया कि उन्होंने अपनी 1 एकड़ 25 डिसमिल और भाई बहादुर कश्यप की 50 डिसमिल धान की कटाई कर खेत में खरही बनाकर रखी थी।



रात करीब 10 बजे जब वे दूसरे खेत में धान की मिसाई कर रहे थे, तभी गांव के कुछ लोगों ने उन्हें सूचना दी कि खेत में रखी धान में आग लग गई है।

**गांव के ही किसी व्यक्ति पर शक**

सूचना मिलते ही दोनों भाई और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पूरी खरही उसकी चपेट में आ गई और आग बुझाने में सफलता नहीं मिली।

गोपाल कश्यप का कहना है कि गांव के ही किसी व्यक्ति ने जानबूझकर आग लगाई और घटना के बाद मौके से फरार हो गया। इस आगजनी से किसानों को लाखों रुपए का भारी नुकसान हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क पर बाजार, आवाजाही के लिए जगह नहीं, जाम में फंस रहे हैं लोग

**रायगढ़।** गली-मोहल्लों की सड़कें अभी भी गड्ढों से भरी, परेशान हो रहे राहगीर रायगढ़/ शहर के मुख्य मार्ग की हालत सुधर गई है, लेकिन गली-मोहल्लों की सड़कें अभी भी गड्ढों से भरी हुई हैं। हर रोज़ सैकड़ों लोग इस मार्ग से गुजरते हैं। बारिश में लोगों को परेशानी होती थी, पर अब भी उनकी समस्या कम नहीं हुई है। सड़क के बीच गड्ढों की वजह से वाहन चालक हिचकोले खा रहे हैं। नगर निगम ने बारिश के दौरान यहां बजरी डालकर मरम्मत की थी, लेकिन सड़क फिर वैसी ही खराब हो गई है।





## अवैध तरीके से कराया जा रहा था बाल विवाह, फिर रोकना पड़ा

**जांजगीर।** बाल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उस समय सामने आया, जब बारगांव (पामगढ़) में नाबालिग किशोरी के विवाह की सूचना पर प्रशासन की टीम ने कार्रवाई कर बाल विवाह को रोक दिया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व में टीम गांव पहुंची। टीम ने बालिका के दस्तावेजों की जांच की, जिसमें उसकी उम्र 17 वर्ष 6 माह 24 दिन पाई गई, जो विवाह की कानूनी आयु सीमा से कम थी।

इस पर टीम ने बालिका, माता-पिता और ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणाम, स्वास्थ्य जोखिम, सामाजिक प्रभाव व बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी इस के बाद ग्रामीणों की उपस्थिति में माता-पिता ने खुद ही विवाह रोकने पर सहमति दी। इसके बाद उनसे घोषणा पत्र व राजीनामा पत्र में हस्ताक्षर भी करवाए गए, जिससे भविष्य में बाल विवाह की कोई संभावना न रहे। कार्रवाई के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन जांजगीर-चांपा की टीम भी साथ रही। इनमें समन्वयक विष्णु श्रीवास, परामर्शदाता अल्का फॉक, सुपरवाइजर भूपेश कश्यप, सेक्टर सुपरवाइजर मनीषा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महेन्द्र कुमारी दिनकर, ग्राम सरपंच कुमारी बाई नट, पंचायत सचिव दुलीचंद साहू और कोटवार राजेश दास महंत मौजूद रहे।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर स्पेशल बच्चों ने दिखाया टैलेंट

**मालखरौदा** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मालखरौदा के बड़े सीपत में छत्तीसगढ़ सर्व दिव्यांग साकार शक्ति संगठन द्वारा संचालित कर्मयोग सेवा संस्थान ने दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें संस्थान के दिव्यांग बच्चों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन कर यह साबित किया कि वे वाकई विशेष हैं।



कार्यक्रम के दूसरे दिन मालखरौदा जनपद पंचायत अध्यक्ष कवि वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मंच पर जनपद उपाध्यक्ष रितेश साहू, बड़े सीपत सरपंच रामीन सोनवाने, आमनदुला सरपंच प्रतिनिधि सूरज, संचालक चंद्रकांत लहरे, बेलादुला सरपंच नीरा सिदार, हलधर रात्रे और विजय लहरे मौजूद रहे। कवि वर्मा ने बच्चों की सुरमयी प्रस्तुति देखकर कहा कि इनकी हारमोनियम, तबला और बेंजो पर थिरकती उंगलियां और मधुर गायकी देखकर नहीं लगता कि ये बच्चे दिव्यांग हैं। उन्होंने इन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए जनसाधारण से सहयोग की अपील की और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। जनपद उपाध्यक्ष रितेश साहू ने भी दिव्यांग बच्चों को समाज का अभिन्न अंग बताते हुए उनके बेहतर भविष्य के लिए सभी से आगे आने की बात कही। बड़े सीपत की सरपंच रामीन सोनवाने ने दिव्यांग पेंशन राशि 500 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए करने का अनुरोध शासन से करने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन नीरा सिदार और आभार प्रदर्शन रामीन सोनवाने ने किया।

## गड्ढों और जलजमाव की उपस्थिति से पीथमपुर मार्ग पर आवाजाही बाधित



**जांजगीर।** जिला मुख्यालय से होकर पिसौद, जर्वे, पीथमपुर जाने वाली मुख्य सड़कों की हालत पिछले कई सालों से बेहद खराब हो चुकी है। सड़क के बीच-बीच में बड़े गड्ढे हो गए हैं। वार्डों से निकलने वाला घर का पानी इन गड्ढों में भर जाता है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि रोज इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है। सबसे ज्यादा बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को दिक्कत होती है। कई बार बच्चे स्कूल जाते समय पानी से भरे गड्ढों में फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे उनकी ड्रेस खराब हो जाती है और वे घायल भी हो जाते हैं। कार और स्कूटी सवार लोग भी परेशान हैं। इसके बावजूद मरम्मत के लिए अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।
- राज सूर्यवंशी

## हत्या की नीयत से चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर।** बम्हनीडीह स्थित सतबहिनिया मंदिर में 3 दिसंबर को धारदार चाकू से हमला कर दो युवकों को गंभीर रूप से घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़ित नीरज सोनी ने बताया कि वह अपने साथियों शिवा सोनी और शिवम सोनी के साथ घूमने गया था।

इसी दौरान रोहदा निवासी जागेश्वर दास महंत उर्फ राजा (33) बाइक से पहुंचा और विवाद के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। हमले में शिवा सोनी के पेट और शिवम सोनी के हाथ में गंभीर चोट आई। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को रोहदा से पकड़ लिया। पूछताछ में उसने पैसों के पुराने विवाद के कारण वारदात करना स्वीकार किया।

## तीन जगह से 106 क्विंटल धान जब्त



**जांजगीर।** तहसील बलौदा क्षेत्र में संयुक्त टीम की कार्रवाई लगातार तीसरे दिन जारी रही। टीम ने गुरुवार को अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई कर 106 क्विंटल तरीके से रखे गए धान को जब्त किया। टीम ने अब तक अवैध परिवहन और अनियमितताओं के खिलाफ अब तक 41 प्रकरणों में कार्रवाई की है, जिसमें 1,795 क्विंटल अवैध धान जब्त किया जा चुका है। राजस्व, मंडी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने तीन स्थानों पर छापे मारे गए। इसमें नवापारा (ख) स्थित बद्री किराना दुकान से 40 क्विंटल, अजय किराना स्टोर, खिसोरा से 42 क्विंटल, सुनील किराना स्टोर, खिसोरा से 24 क्विंटल टीम द्वारा मौके पर आवश्यक पंचनामा तैयार कर धान को कब्जे में लिया गया है। समस्त दुकानदारों के विरुद्ध मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। जिले में 15 नवम्बर से धान खरीदी सुव्यवस्थित और सतत निगरानी के साथ जारी है। जिले के 129 धान खरीदी केन्द्रों में अब तक 30679.20 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। अब तक 7448 किसान धान बेच चुके हैं। किसानों को 9649 टोकन जारी किए गए हैं। खरीदी केन्द्रों में 8663 गेट पास जारी किए जा चुके हैं। अवैध परिवहन और अनियमितताओं के विरुद्ध कार्रवाई में अब तक कुल 41 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है और 1795 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है।

## तीन दिन की आंख मिचौली के बाद डोंगी पेंड्री बांध के पास दिखा हाथी

**बलौदा।** बलौदा के खिसोरा जंगल में पहुंचा हाथी तीन दिन बाद गुरुवार को नजर आया। अब तक हाथी की मौजूदगी का सबूत सिर्फ उसके पैरों के निशान और गोबर ही था।

मालूम हो कि तीन दिन पूर्व कोरबा जिले के कनकी की ओर से बलौदा वन परिक्षेत्र के पंतोरा सर्किल में हाथी के दाखिल होने की सूचना मिली। इसके बाद ग्रामीणों के साथ वन विभाग के अफसर-कर्मचारी हरकत में आए। विभाग के अफसरों को खिसोरा के ग्राम डोंगी पेंड्री में हाथी के होने की जानकारी मिली। हाथी यहां तीन दिन से डेरा डाले हुए है।



विभाग की ओर से आसपास के दर्जन भर गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों से एहतियात बरतने को कहा गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी एसपी राठिया ने बताया कि विभाग के कर्मचारी वहां डटे हुए हैं। हाथी गुरुवार को डोंगी पेंड्री के बांध के पास चहल-कदमी करते नजर आया। यह जगह जांजगीर व कोरबा जिले की सीमा है। हाथी के कोरबा जिले के पाली वन की तरफ जाने की संभावना है। रेंजर ने बताया कि पंतोरा सर्किल प्रभारी डिप्टी रेंजर रामकृष्ण बिंझवार के नेतृत्व में वन कर्मचारी हाथी पर नजर रखे हुए हैं।

# 13 दलों ने झांकी-शौर्य प्रदर्शन किया




**सक्ती।** यादव समाज जिला सक्ती के तत्वावधान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परंपरागत, गौरवशाली व विशाल संस्कृत रावत नाथ महोत्सव का आयोजन 3 दिसंबर को जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय मैदान में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने की। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर पालिका सक्ती के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, उपाध्यक्ष भारत यादव, समस्त पार्षद व रायगढ़ जिला यादव समाज अध्यक्ष पंचराम यादव, चंद्रिका यादव सहित जिले व तहसीलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण-राधा रानी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद अतिथियों का पुष्पहार और बैज लगाकर स्वागत किया गया। इस वर्ष कुल 13 राउत नाच दलों ने परंपरागत वेशभूषा, अनुशासन, नृत्य, बाजा, झांकी और शौर्य प्रदर्शन के आधार पर अपनी प्रस्तुति दी। निर्णायक दल ने सभी प्रतिभागियों को अंक प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कान्हा राउत नाच दल, शिल्पहरी (बिलासपुर) को मिला, जिसे 51 हजार और शील्ड प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार बाल समाज दल बसिया (बिलासपुर) को 31 हजार और शील्ड के साथ दिया गया।

तृतीय स्थान कान्हा राउत नाच दल, तारबहार (बिलासपुर) को मिला, जिसे 21 हजार रुपए और शील्ड से सम्मानित किया। बाकी 10 दलों को 5100 रुपए और शील्ड देकर प्रोत्साहित किया। विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि राउत नाच हमारे पूर्वजों की धरोहर है, जिसे संरक्षित रखना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षा और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने की बात कही।

प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने बताया कि रायपुर में यादव समाज द्वारा निःशुल्क छात्रावास संचालित है, जहां समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा का अवसर मिल रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से राउत नाच परंपरा को संरक्षण प्रदान करने की मांग की। नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने भव्य आयोजन के लिए समाज के जिला अध्यक्ष दिवाकर यादव व सचिव राजेंद्र यादव को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता एमआर यादव और जिला कोषाध्यक्ष हिरासाय यादव ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन व दर्शक उपस्थित रहे।

## दिन में 5 ग्राम से अधिक नमक का सेवन न करें



**जांजगीर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहौद में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। संस्था प्राचार्य पीएल कौशिक ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है और स्वस्थ मस्तिष्क से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव है। स्थानीय हॉस्पिटल के इंचार्ज डॉ. दिनेश कुमार दिनकर ने छात्रों को सही खान-पान, रहन-सहन एवं स्वास्थ्यकर आदतों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 2 से 2.5 लीटर पानी पीना चाहिए, नमक का सेवन 5 ग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए और भोजन में तेल की मात्रा संतुलित होनी चाहिए। साथ ही योग और व्यायाम को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन का दायित्व व्याख्याता एसके कश्यप ने निभाया।

## निर्माणाधीन अस्पताल में की थी वारदात, आरोपी को भेजा जेल


**रायगढ़।** बड़े अतरमुडा मांझापारा स्थित निर्माणाधीन कल्याण अस्पताल में लगातार कॉपर पाइप और अन्य उपकरणों की चोरी की शिकायत मिल रही थी। चक्रधरनगर पुलिस इस मामले में पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। अब पुलिस ने चोरी में शामिल फरार आरोपी विशाल गुप्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर भेजा गया।

अस्पताल निर्माण कार्य से जुड़े डॉ. बेदप्रकाश पटेल ने 20 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 नवंबर से अज्ञात चोर ऑक्सीजन पाइपलाइन काटकर ले जा रहे हैं। 20 नवंबर की रात करीब साढ़े 12 बजे कंप्यूटर ऑपरेटर ईश्वर प्रसाद निराला और ड्राइवर भुनेश्वर गबेल मौके पर पहुंचे, जहां दो युवक चोरी करते हुए पकड़े गए। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम नंदू दास महंत और अंशुल पंजवानी बताया। इसके बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंचकर दोनों को हिरासत में लिया।

# भगवान की कृपा से ही संभव है माया से छुटकारा पाना: स्वामी युगल शरण

**जांजगीर।** ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 21 दिवसीय दार्शनिक प्रवचन श्रृंखला के पांचवें दिन भगवत कृपा विषय पर डॉ. स्वामी युगल शरण जी ने प्रकाश डाला और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक दृष्टि से मार्गदर्शन दिया। स्वामी जी ने स्पष्ट किया कि भगवान को जानना संभव है, लेकिन यह किसी व्यक्ति की अपनी बुद्धि, अध्ययन या ग्रंथ-पठन से नहीं होता। भगवत ज्ञान प्राप्ति भगवत कृपा से संभव है।

स्वामी जी ने कहा, वेद स्पष्ट कहता है कि माया कभी नष्ट नहीं होती। माया से छुटकारा हमारे बल से संभव नहीं, परंतु भगवान की कृपा से इसे पार किया जा सकता है। वही भगवत प्राप्ति का मार्ग है। उन्होंने बताया कि केवल गीता या भागवत का पाठ करने से या श्लोकों का ज्ञान होने से व्यक्ति ज्ञानी नहीं बनता। ऐसा ज्ञान कभी-कभी अहंकार और ज्ञानाभिमान उत्पन्न करता है, जो भगवान से दूरी बढ़ाने वाला बाधक है। भगवत प्राप्ति के लिए सच्चा उपाय यही है कि भगवान कृपा करें।



स्वामी जी ने माया की प्रकृति पर भी प्रकाश डाला। गीता में कहा गया है—दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया।

इसका अर्थ है कि माया अत्यंत कठिन है और साधना से भी इसे पार करना आसान नहीं। बड़े योगी, मुनीन्द्र, शंकराचार्य भी माया को अपनी साधना के बल से पार नहीं कर पाए। केवल भगवान की कृपा से ही जीव माया से मुक्त होकर भगवत अनुभव प्राप्त कर सकता है। अंततः स्वामी जी ने सभी श्रद्धालुओं को प्रेरित किया कि माया के प्रभाव से उबरने और भगवत कृपा पाने का मार्ग साधना, भक्ति और सत्संग से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा कि जब भगवान कृपा करेंगे, तो जीव भगवान को जान पाएगा, देख पाएगा और अपने जीवन में सच्ची कृतार्थता अनुभव करेगा।

भगवान निःस्वार्थ, अकारण करुण हैं = प्रवचन में भगवान का कर्तृत्व और जीव का कर्म विषय भी समझाया गया। स्वामी जी ने कहा कि भगवान प्रयोजक कर्त्ता हैं—वे मन, बुद्धि और इन्द्रियों को कार्य करने की शक्ति देते हैं, लेकिन जीव अपने कर्मों का स्वयं कर्त्ता है। यही कारण है कि भगवान सभी का पालन-पोषण करते हुए भी जीवों को उनके कर्मों का फल भोगने देते हैं। स्वामी जी ने पूछा—भगवत् कृपा का कोई मूल्य है क्या? और उत्तर दिया कि भगवान निःस्वार्थ, अकारण करुण हैं। तुलसीदास, मीरा, सूरदास जैसे भक्तों पर भगवान कृपा कर चुके हैं, और हम भी भगवत कृपा के योग्य बनने के लिए सच्चे भक्ति, शरणागति और संतों के सत्संग की ओर अग्रसर हो सकते हैं।



## नदी किनारे चल रहा था जुआ 3 आरोपियों से

**जांजगीर।** शिवरीनारायण नदी किनारे गुरुवार की सुबह जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। जुआरियों के कब्जे से 14900 रुपए नकद और ताश पत्ती बरामद की गई है। इन पकड़े गए जुआरियों में प्यारेलाल कुंभकार पिता माखनलाल (42) निवासी भोगहापारा, शिवरीनारायण, मनोज केंवट, पिता बलदाऊ (33) निवासी शिवरीनारायण और राजेश्वर केंवट पिता नारायण निवासी महंतपारा शामिल हैं। जुआरियों के खिलाफ धारा 3(2) जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ लोग नदी किनारे जुआ खेल रहे हैं। इस पर फौरन टीम को कार्रवाई करने भेजा गया।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा ( छत्तीसगढ़ )**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र./विद्युत/2025 दिनांक 28.11.2025

कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा लोक निर्माण विभाग (विद्युत कार्य) में एकीकृत पंजीयन प्रणाली सक्षम श्रेणी वर्ग डी एवं प्रवर श्रेणी में एवं छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल (विद्युत) में उचित श्रेणी में विद्युतीकरण कार्य हेतु पंजीकृत/ए क्लास लाईसेंसी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | टी.पी.नगर जोन के सड़क रोशनी का (डे-टू-डे) मरम्मत कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण (निगम मद) (द्वितीय निविदा) | 71.82 | 15.12.2025 (T.No.180616) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट **www.korbamunicipal.in** पर भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा ( छत्तीसगढ़ )

## अनमोल वचन......

**भविष्य की ओर देखो, क्योंकि वहीं तुम अपना बाकी जीवन बिताओगे।**

# जीडीपी माप अपडेट

केंद्र ने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की नई शृखंला शुरू करने के लिए चर्चा पत्र पेश किया है। मकसद फरवरी 2026 से जीडीपी मापने के नए फॉर्मूले को लागू करना है। चर्चा पत्र से संकेत मिले हैं कि सरकार नए फॉर्मूले में किन पहलुओं को जगह देना चाहती है। इसके मुताबिक नई सीरीज़ का आधार वर्ष 2022-23 को बनाया जाएगा। इस तरह नरेंद्र मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद जो नया आधार वर्ष अपनाया था, वह लगभग एक दशक और आगे बढ़ जाएगा। इसके अलावा सरकार का इरादा जीडीपी माप में सक्रिय कंपनियों की नई परिभाषा, एलएलपी कंपनियों के आंकड़ों का अधिक विस्तृत रूप शामिल करना, कॉरपोरेट्स की सालाना रिपोर्ट्स से अधिक सूचनाएं लेना और गैर-निगमीकृत कंपनियों के सालाना सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों को शामिल करना है।

साथ ही प्राइवेट कंपनियों, एमएसएमई दायरे में आने वाली अपेक्षाकृत बड़ी गतिविधियों, और कृषि क्षेत्र में इनपुट- आउटपुट अनुपात के मद्देनजर मूल्य-वर्धन (वैल्यू ऐड) की गणना करना है। जीडीपी में मुद्रास्फीति के प्रभाव की गणना की विधि में बड़े परिवर्तन का प्रस्ताव किया गया है। इसके तहत स्थिर मूल्य पर सकल इनपुट और आउटपुट से अलग-अलग मुद्रास्फीति दर को घटाया जाएगा। सरकार का दावा है कि इससे वैल्यू ऐडेड ग्रोथ की अधिक स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी। सामान्य नजरिए से देखें, तो गुजरते समय और बदलते हालात के साथ जीडीपी जैसे आंकड़ों की माप को अपडेट करना स्वागतयोग्य प्रयास माना जाएगा। लेकिन हालिया वर्षों में रहे अनुभव को ध्यान में रखें, तो इस आशंका में भी दम है कि यह सारा प्रयास बिना जमीनी हालत बदले बेहतर सूरत दिखाने का प्रयास ना बन जाए। विकास के पैमानों का मकसद हकीकत को समझना होना चाहिए, ताकि जहां कमजोरियां सामने आएं, उन्हें दूर करने की योजनाबद्ध कोशिश की जाए। जबकि सुधार का बिना इरादा रखे आंकड़ों की बाजीगरी अंततः यथार्थ को ढकने की कोशिश बन जाती है। बेहतर होगा, केंद्र ऐसे मोह में ना पड़े। प्रयास यह होना चाहिए कि जीडीपी की गणना और आम जन के जीवन स्तर में अधिकतम संबंध बने, ताकि नई जीडीपी सीरीज़ वास्तव में भारत की आर्थिक स्थिति का आईना बन सके।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियां बढ़ेगी। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को शिक्षकों का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखाना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आएगा। आज आपको कामों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा।

**मिथुन राशिः** आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। करियर में भी आपको गुरुजन का मार्गदर्शन मिलने से आसानी होगी।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। रोजमर्रा की जिंदगी में आज कुछ नयापन आ सकता है। बच्चों को शिक्षकों से तारीफ मिलेगी।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। अगर आपको लगता है कि आप दुनिया की दौड़ भाग भरी जिंदगी में कहीं खो गए हैं, तो अपने लिए वक्त निकालेंगे और अपने व्यक्तित्व का आकलन करेंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। जॉब कर रहे लोगों को आज दिए गए काम को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर किसी भी धार्मिक स्थल पर अपना समय बिताएंगे। आज यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस बढ़ाने के लिए सुझाव देगा।

**कुम्भ राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से लाभ बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगी। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलाने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करना होगा। आज फैमिली टाइम बिताने को मिलेगा, जिससे परिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा।

# पुतिन की भारत यात्राः नयी विश्व राजनीति की आहट

//ललित गर्ग //

**पुतिन और मोदी की वार्ता ऐसे समय आयोजित हो रही है, जब वैशिक शक्ति-संतुलन परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका-चीन तनाव, यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, ऊर्जा बाजारों की अस्थिरता और पश्चिमी देशों की रूस के विरुद्ध एकजुटता, इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका मध्यस्थ, संतुलक तथा स्वतंत्र धुरी के रूप में उभर रही है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा एक साधारण कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि इतिहास के सात दशकों में बुनी एवं गढ़ी गई मित्रता का नवीन उद्घोष है। कहा जाता है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी मित्र और शत्रु नहीं, स्थायी हित होते हैं, किंतु भारत-रूस संबंध इस कथन की परिधि से आगे जाकर स्थायी भरोसे, नैतिक दायित्व और पारस्परिक सम्मान के प्रतीक बने हुए हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका, यूरोप एवं नाटो गठबंधन रूस पर कठोर आर्थिक और रणनीतिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं। इसके बावजूद भारत ने रूस को न केवल कूटनीतिक स्तर पर सम्मान-साथ दिया बल्कि ऊर्जा व रक्षा क्षेत्र में उसे सबसे भरोसेमंद साझेदार माना।**



इसलिए यह वार्ता केवल दो नेताओं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात नहीं, बल्कि एक नए युग के सूत्रपात का संकेत है, नयी विश्व राजनीतिक समीकरण की आहट है। भारत और रूस की मित्रता का इतिहास लगभग 70 वर्षों का है। शीतयुद्ध काल में रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम से लेकर पोखरण परमाणु परीक्षणों तक, रूस ने भारत का साथ दिया। आज जब यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक राजनीति को ध्रूवीकृत कर दिया है, अमेरिका ने भारत पर रूस से दूरी बनाने का दबाव बनाया, किंतु भारत ने सामरिक स्वायत्तता की नीति को बनाए रखते हुए रूस का साथ निभाया। पश्चिम के प्रतिबंधों के बीच भारत ने भारी मात्रा में रूसी पेट्रोलियम और गैस खरीदकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की तथा रूस को आर्थिक सहारा दिया। यह निर्णय महज एक वाणिज्यिक लाभ का मामला नहीं था, बल्कि भारतीय विदेश नीति की स्वयंभूता का प्रदर्शन था। दूसरी ओर, रूस ने भी भारत को कभी निराश नहीं किया। चाहे एस-400 वायु रक्षा प्रणाली हो, टी-90 टैंक हों, ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना हो या पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान सुयू-57 से जुड़ा सहयोग, भारत की सैन्य क्षमता में रूस का योगदान निर्णायक रहा है। वहीं पाकिस्तान की शत्रुता के खिलाफ भारत के हितों को रूस का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता रहा। हाल ही में दक्षिण एशिया की बदलती सुरक्षा परिस्थितियों में रूस ने भारत की सामरिक चिंता को समझा और 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे अभियानों में सहयोग की भूमिका निभाई। यह तथ्य भारत-रूस संबंधों की गहराई और विश्वास को दर्शाता है।

पुतिन और मोदी की वार्ता ऐसे समय आयोजित हो रही है, जब वैशिक शक्ति-संतुलन परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका-चीन तनाव, यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, ऊर्जा बाजारों की अस्थिरता और पश्चिमी देशों की रूस के विरुद्ध एकजुटता, इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका मध्यस्थ, संतुलक तथा स्वतंत्र धुरी के रूप में उभर रही है। पुतिन भारत को न केवल रक्षा सहयोगी मानते हैं, बल्कि एशियाई भू-राजनीति में संतुलन का स्तंभ भी। वहीं मोदी की विदेश नीति बहुध्रूवीय विश्व की अवधारणा पर आधारित है, जिसमें रूस का स्थान केंद्रीय है। इस यात्रा से ऊर्जा सहयोग और बढ़ेगा। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और रूस उसके लिए सस्ता, विश्वसनीय तथा दीर्घकालिक आपूर्तिकर्ता। प्रतिबंधों के बावजूद रूस ने भारत को कच्चे तेल के साथ ही कोयला, गैस और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में सहयोग दिया। भारत को सस्ती ऊर्जा देने के पीछे केवल व्यावसायिक हित नहीं बल्कि मित्रता और सामरिक साझेदारी भी निहित है। रक्षा क्षेत्र में सहयोग और विस्तृत होने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य 'मेक इन इंडिया' रक्षा उत्पादन है और रूस इसके लिए सबसे बड़ा भागीदार बना हुआ है। ब्रह्मोस मिसाइल, राइफल निर्माण, स्पेयर पार्ट सप्लाई और संयुक्त विकास कार्यक्रमों के नए विकल्प वार्ता में उभरेंगे। रूस भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, निर्माता के रूप में स्थापित करने में सहभागी है, जो संबंधों की परिपक्वता को दर्शाता है।

भारत-रूस दोस्ती अब एक नया अध्याय लिखने को तत्पर है। दोनों देशों की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है, यहां तक की अमेरिका के साथ बेहतर हुए संबंधों के दौर में भी रूस हमारा विश्वस्त साझीदार बना रहा है, प्रगाढ़ दोस्ती में कोई फर्क नहीं पड़ा है। अब रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की दोस्ती में नई गरमाहट की संभावना के साथ दोस्ती के नये स्वस्तिक उकेरने की बात सामने आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के वर्षों में अमेरिका के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है, लेकिन रूस के साथ देश के दशकों पुराने रक्षा संबंध भी बरकरार हैं। भारत ने अमेरिका और यूरोप से हथियारों की खरीद बढ़ाकर रूस पर निर्भरता को संतुलित बनाया है, लेकिन मॉस्को अभी भी भारत का सबसे बड़ा हथियार सप्लायर है। रूस दोस्ती की ओर आगे बढ़ते हुए भारत के लोगों को रोजगार देने के लिये भी एक समझौता मसौदा तैयार किया है। रूस अपने उद्योगों के लिए 10 लाख भारतीय कुशल श्रमिकों को काम पर रखना चाहता है।

भारत-रूस संबंधों का सबसे मजबूत आधार है-कूटनीतिक विश्वास और सम्मान। रूस ने कभी भारतीय आंतरिक राजनीति या नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया। उसने कश्मीर, परमाणु नीति, रणनीतिक साझेदारी और पड़ोसी विवादों पर भारत की संप्रभुता का समर्थन किया। वहीं भारत ने भी रूस की सुरक्षा चिंताओं को समझाकृचाहे नाटो विस्तार का मुद्दा हो या यूक्रेन का संघर्ष। इसलिए भारत ने पश्चिमी दबावों की उपेक्षा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की। अंतरिक्ष विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, अनुसंधान और चिकित्सा के क्षेत्र में भी रूस की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में रूस सहयोगी रहा है और भविष्य की यात्री-वाहक मिशनों में भी सहयोग की संभावनाएँ हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक साझेदारी भी विशेष हैरू योग, आयुर्वेद, साहित्य, रूसी नाट्यकला और भारतीय कलाकृसबने एक-दूसरे समाज में स्थान पाया। फिर भी यह संबंध चुनौतियों से खाली नहीं। चीन-रूस साझेदारी और भारत-अमेरिका निकटता के बीच संतुलन बनाए रखना दोनों देशों के लिए चुनौतीपूर्ण है। रूस चाहता है कि एशिया में भारत संतुलक भूमिका निभाए, वहीं भारत नहीं चाहता कि रूस का झुकाव चीन की ओर अत्यधिक बढ़े। इसी प्रकार रक्षा सहयोग में तकनीक हस्तांतरण, उत्पादन विलंब और आर्थिक भुगतान व्यवस्थाओं पर भी मतभेद रहे हैं। किंतु इन मतभेदों को वार्ता द्वारा समाधान के प्रयास दोनों राष्ट्रों की परिपक्वता को दर्शाते हैं।

पुतिन की इस यात्रा का महत्व इसलिए भी है कि यह बताती है कि भारत किसी वैश्विक शक्ति के दबाव में नहीं, बल्कि अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर संबंध तय करता है। ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा आत्मनिर्भरता, बहुध्रूवीय वैश्विक व्यवस्था और एशियाई सामरिक संतुलन की दृष्टि से भारत-रूस साझेदारी अपरिहार्य है। मोदी और पुतिन की मुलाकात इस विश्वास की प्रमाणिकता है कि संबंध केवल शीत युद्ध की स्मृतियों पर नहीं, बल्कि समकालीन हितों और भविष्य की रणनीति पर आधारित हैं। यह यात्रा एक प्रतीक है-स्वतंत्र विदेश नीति, सामरिक साझेदारी और सांस्कृतिक सम्मान की। भारत-रूस संबंध केवल दो राष्ट्रों की निकटता का परिचय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में एक विशिष्ट वैकल्पिक शक्ति संरचना का निर्माण है। पश्चिमी देशों की आलोचना और प्रतिबंधों के बावजूद भारत और रूस ने अपने संबंधों को न केवल जीवित रखा बल्कि सुदृढ़ किया। इस मुलाकात से भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नई गति मिलेगी, रक्षा उत्पादन को स्वदेशीकरण का बल मिलेगा, व्यापार एवं तकनीकी सहयोग विस्तृत होगा और रणनीतिक विश्वास की डोर और मजबूत होगी। पुतिन और मोदी की यह वार्ता बताती है कि भूराजनीति केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि भरोसे और सहयोग पर भी टिकती है। अतः कहा जा सकता है कि पुतिन की भारत यात्रा एक नई ऊर्जा, नए दृष्टिकोण और नई साझेदारियों की शुरुआत है-जहाँ भारत और रूस न केवल मित्र हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर संतुलित, स्वाधीन और बहुध्रूवीय विश्व व्यवस्था के निर्माता भी हैं। यह यात्रा उसी निर्माण का नवीन अध्याय है, जिसमें पुराने भरोसे से जन्म ले रहा है एक नया भविष्य।

# निहित स्वार्थों के लिए युवाओं को गुमराह करने के बयान

**जमीयत उलमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने भोपाल में एक कार्यक्रम में कहा कि आज मुसलमान रास्ते पर अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हैं। उन्हें कदम-कदम पर नफरतों का सामना करना पड़ता है। मदनी ने सुप्रीम कोर्ट के ऊपर भी सवाल उठाते हुए कहा कि किसी देश में लॉ एंड ऑर्डर और क्राइम-फ्री समाज बनाना इंसाफ के बिना नामुमकिन है। मौलाना ने कहा कि दुख की बात है कि पिछले कुछ सालों में खासकर बाबरी मस्जिद और ट्रिपल तलाक जैसे मामलों में फैसलों के बाद यह आम सोच बन गई है कि कोर्ट सरकारी दबाव में काम कर रहे हैं। राजनीतिक दल और मदनी जैसे मौलाना मुसलमानों में अपनी पैठ बनाने और खुद को उनका सबसे बड़ा हितेषी साबित करने में कहीं न कहीं मुस्लिम युवाओं को गुमराह कर रहे हैं।**



गौरतलब है कि दिल्ली के लाल किले के पास विस्फोट की जांच कर रहे जांचकर्ताओं ने खुलासा किया था कि जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े डॉक्टरों से जुड़े संदिग्ध आतंकी मॉड्यूल ने 6 दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में छह स्थानों पर विस्फोटों की योजना बनाई थी। यह वह दिन था जब 1992 में अयोध्या में बाबरी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया गया था। विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकवादियों ने बताया था कि यह तारीख इसलिए चुनी गई क्योंकि वे बाबरी मस्जिद विध्वंस का बदला लेना चाहते थे। मौलाना मदनी का बयान ऐसे ही युवाओं को प्रेरित कर गुमराह करने वाला है।

सुप्रीम कोर्ट पर सवाल उठाने वाले मौलाना मदनी भूल गए कि अदालतों ने ही आतंक के आरोपों से ढेरों बेगुनाहों को बरी किया है। वर्ष 2006 में 12 लोगों को मुंबई बम धमाकों के संबंध में मकोका कोर्ट ने दोषी ठहराया था, लेकिन 18 साल बाद बॉम्बे हाई कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया। कोर्ट ने पाया कि पुलिस द्वारा पेश किए गए 44,500 पन्नों के दस्तावेज़ों में से कोई भी दोष सिद्ध नहीं कर सका। इसी तरह गुजरात में 2001 में 127 मुस्लिम नागरिकों को एक प्रतिबंधित संगठन से संबंध के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जो 19 साल बाद बरी हुए थे। इसके अलावा ऐसे एकल मामलों की कमी नहीं है, जब अदालतों ने जांच एजेंसियों की कार्रवाई को अपर्याप्त मानते हुए आतंक के आरोपियों को बरी किया। मुस्लिम हितों की बात करने वाले मौलाना मदनी भूल गए कि यह वही सुप्रीम कोर्ट है, जिसने केंद्र सरकार के वक्फ बोर्ड कानून को ज्यों का त्यों लागू करने पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों पर रोक लगाई। विशेष रूप से कोर्ट ने वक्फ बनाने के लिए कम से कम 5 साल तक इस्लाम का अनुयायी होने की शर्त और विवादित संपत्तियों के तुरंत वक्फ माने जाने पर रोक लगा दी। यह फैसला याचिकाकर्ताओं के हितों की रक्षा करने और मामले में संतुलन बनाए रखने के लिए एक अंतरिम रोक है। देश की करोड़ों मुस्लिम महिलाओं को तलाक का कानूनी हक दिलाने वाले सुप्रीम कोर्ट को मौलाना मदनी भूल गए। मनमाने तरीके से तलाक की शिकार महिलाओं को उनका हक दिलाने की पहल किसी भी मौलवी–मौलाना ने कभी नहीं की। अकेले मौलाना मदनी ही नहीं राजनीतिक फायदे के लिए राजनीतिक दलों के नेता भी मुसलमानों के भले के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाते रहे हैं। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने लाल किले के सामने हुई ब्लास्ट पर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का गुस्सा अब लाल किले पर दिख रहा है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि एक व्यक्ति के अपराध की सजा पूरे जम्मू-कश्मीर के लोगों को नहीं दी जा सकती। उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से अपील की है कि वे इस गंभीर विषय पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से बात करें क्योंकि राज्य के बाहर रहने वाले कश्मीरी डरे हुए हैं। महबूबा का यह बयान कहीं न कहीं दिल्ली की वारदात को जायज ठहराने का प्रयास है। महबूबा सत्ता पाने के लिए पूर्व में भी ऐसे विवादित बयान देती रही हैं। महबूबा ने कहा था साल 2019 में धारा 370 हटाए जाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में डर और घुटन का माहौल है। गिरफ्तारियां हो रही हैं और लोगों पर दबाव है इससे पहले जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी ऐसा ही बयान दिया, जिससे कहीं न कहीं आतंकवादियों और उनके पनाहगारों के प्रति सहानुभूति छिपी हुई थी। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने दिल्ली में आत्मघाती हमलावर के परिवार के घर को गिराए जाने पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम सिर्फ गुस्सा बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा अगर आतंकवाद ऐसे कामों से रुक जाता, तो यह बहुत पहले ही खत्म हो गया होता। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद हाल ही में कम हुआ है, ÷किसी का घर उड़ाने की ज़रूरत के बिना÷। सुरक्षा तीन नियंत्रित विस्फोट करके दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के कोइल गांव में डॉ. उमर उन नबी के दो मंजिला घर को ध्वस्त कर दिया था।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने गांदरबल जिले में गैर-स्थानीय मजदूरों पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा में एक्स पर अपने पोस्ट में आतंकी शब्द का जिक्र नहीं किया। इसी तरह पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने भी अपने पोस्ट में आतंकी शब्द से परहेज किया। इस आतंकी हमले में 7 की जान चली गई थी। विपक्षी दलों ने मुस्लिम आतंकी हो या गैंगस्टर, यही प्रयास किया है कि इनके साथ नरमी बरती जाए। जाहिर कारण है मुस्लिम वोट बैंक। विपक्षी दलों को लगता है कि इनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने से मुस्लिम वोट बैंक खिसक जाएगा।

सत्ता में आने के बाद पंजाब की मान सरकार ने दावा किया था कि तत्कालीन पंजाब सरकार ने गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को यूपी सरकार से बचाने के लिए 55 लाख रुपये से ज्यादा खर्च किए थे। मुख्तार को आरामतलब जिंदगी देने के लिए वो सारी व्यवस्थाएं की गई थीं जो कि एक हाईप्रोफाइल को मिलती हैं। इतना ही नहीं तत्कालीन पंजाब सरकार ने भरसक कोशिश की अंसारी को वापस उत्तर प्रदेश नहीं भेजा जाए। मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया। कोर्ट के आदेश से अंसारी की वापसी उत्तर प्रदेश हो सकी। इन उदाहरणों से जाहिर है कि राजनीतिक दल वोट बैंक बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं, चाहे उनकी हरकतों से युवा गुमराह ही क्यों न हो जाएं। आश्चर्य की बात यह है कि मदनी जैसे मौलाना हों या फिर राजनीतिक दल यह भूल गए कि ऐसी तमाम हरकतों को देश के मतदाता कई बार नकार चुके हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



नई दिल्ली में संसद के विंटर सेशन के दौरान कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और रंजीत रंजन के साथ राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे।



नई दिल्ली में नेशनल वॉर मेमोरियल पर नेवी डे के मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह, वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और चीफ ऑफ नेवल स्टाफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी।



नई दिल्ली में संसद के विंटर सेशन के दौरान, राष्ट्रीय राजधानी में एयर पॉल्यूशन के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस की सीनियर सांसद सोनिया गांधी और दूसरे विपक्षी सांसदों के साथ।



टीएमसी सांसद प्रतिमा मंडल, रचना बनर्जी, काकोली घोष दस्तीदार, शताब्दी रॉय और अन्य लोग नई दिल्ली में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पश्चिम बंगाल के लिए केंद्र के बकाया के मुद्दे पर एक विरोध मार्च में भाग लेते हुए।



बिहार विधानसभा के स्पीकर प्रेम कुमार पटना में राज्य विधानसभा के विंटर सेशन में शामिल होने के लिए आते समय इशारा करते हुए।




वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी नई दिल्ली में डीआरआई स्थापना दिवस समारोह में गेस्ट ऑफ़ ऑनर के तौर पर शामिल हुए।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव के साथ नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में 22वें भारत-रूस इंटर-गवर्नमेंटल कमीशन ऑन मिलिट्री एंड मिलिट्री टेक्निकल कोऑपरेशन मिनिस्टीरियल मीटिंग से पहले।

# रक्षा मंत्री बेलौसोव का अहम खुलासा: भारत-रूस की दोस्ती पुरानी, रणनीतिक और गहरी!

**नईदिल्ली, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव ने भारत-रूस सैन्य सहयोग आयोग की बैठक में द्विपक्षीय संबंधों की ठोस, समय-परीक्षित मित्रता पर जोर दिया। उन्होंने परस्पर सम्मान और गहरी परंपराओं पर आधारित इस साझेदारी को दक्षिण एशिया और वैश्विक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण बताया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए रूस को एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार बने रहने की पुष्टि की। रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव ने दोनों देशों के बीच समय-परीक्षित मित्रता का उल्लेख किया। बेलौसोव ने 22वीं भारत-रूस अंतर-सरकारी सैन्य एवं सैन्य तकनीकी सहयोग आयोग की मंत्रिस्तरीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों देश परस्पर सम्मान पर आधारित मित्र हैं। उन्होंने कहा कि जैसा कि आपने अभी कहा, हमारे देश एक ठोस, समय-परीक्षित मित्रता से बंधे हैं, जो परस्पर सम्मान पर आधारित है। और यहाँ आते समय, जब हम कार में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर रहे थे, तो हम इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि हम एक बहुत गहरी परंपरा से बंधे हैं, जो रूसी और भारतीय राष्ट्रों की विशिष्ट विशेषता है। उन्होंने भारत आगमन पर मिले आतिथ्य की सराहना की। बेलौसोव ने कहा कि भारतीय धरती पर आपसे एक बार फिर मिलकर मुझे बेहद खुशी हुई। दिल्ली प्रवास के शुरुआती मिनटों से ही हमें मिले आतिथ्य के लिए हम आपके आभारी हैं। बेलौसोव ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों का एक रणनीतिक स्वरूप है और भारत के साथ साझेदारी दक्षिण एशियाई क्षेत्र में संतुलन के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। इस वर्ष हम 1941-1945 के महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ मना रहे हैं और मैं इस वर्ष मई में मास्को में आयोजित इन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल को व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद देता हूँ। हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक रणनीतिक स्वरूप है और भारत के साथ साझेदारी दक्षिण एशियाई क्षेत्र में संतुलन और समग्र रूप से वैश्विक स्थिरता के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। उन्होंने नौसेना दिवस के अवसर पर भारत को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि रूस थल सेना, वायु सेना और नौसेना के नए स्वरूप के निर्माण में भारत के साथ पूर्ण सहयोग कर रहा है।



इस अवसर पर, मैं आपको, कमान और सभी भारतीय नाविकों को राष्ट्रीय नौसेना दिवस की बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि सैन्य और सैन्य-तकनीकी सहयोग पर अंतर-सरकारी आयोग सैन्य क्षेत्र में पारस्परिक रूप से लाभकारी निर्णय लेता है। माननीय मंत्री महोदय, सैन्य और सैन्य-तकनीकी सहयोग पर अंतर-सरकारी आयोग सैन्य क्षेत्र में प्रभावी और पारस्परिक रूप से लाभकारी निर्णय लेने में अत्यधिक समर्पण दिखाता है। आज हम इसके कार्यों का सारांश प्रस्तुत करते हैं और भविष्य के लिए नए कार्यों को परिभाषित करते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि हाल के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद रूस प्रौद्योगिकी और रक्षा के क्षेत्र में भारत का रणनीतिक साझेदार बना हुआ है। यहां मानेकशॉ सेंटर में सैन्य एवं सैन्य तकनीकी सहयोग पर 22वीं भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) मंत्रिस्तरीय बैठक में बोलते हुए सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक से दोनों देशों के बीच विशेष साझेदारी और मजबूत होगी।

# फडणवीस ने राउत से मुलाकात कर उनका हालचाल पूछा राज ठाकरे दो दशक बाद बीमार सांसद के आवास पहुंचे



**मुंबई, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद संजय राउत से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। यह मुलाकात मंगलवार को नौकरशाह राजेश नार्वेकर के बेटे की शादी में हुई। राउत की बेटी की शादी नार्वेकर के दूसरे बेटे से हुई है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) के प्रवक्ता राउत उपचाराधीन हैं। फिलहाल, उनकी बीमारी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने उपनगर भांडुप में संजय राउत के आवास पर बुधवार को उनसे मुलाकात की। राज ठाकरे और संजय राउत के बीच हुई मुलाकात के बारे में विधायक सुनील राउत ने कहा कि मनसे अध्यक्ष लगातार परिवार के संपर्क में हैं और संजय राउत के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेते रहते हैं। राज ठाकरे और संजय राउत के बीच कभी बहुत घनिष्ठ संबंध थे। राज ठाकरे लगभग दो दशक बाद भांडुप स्थित राउत के आवास गए।

## मतगणना स्थगित होने से सरकार को ईवीएम से छेड़छाड़ करने का पर्याप्त समय मिलेगा: पृथ्वीराज चव्हाण

मुंबई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने बुधवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव की मतगणना स्थगित होने से सरकार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से ''छेड़छाड़ करने का पर्याप्त समय मिल जाएगा।'' महाराष्ट्र में 263 नगर पालिका परिषदों और नगर



पंचायतों के लिए पहले चरण में मंगलवार को 67.63 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि धुले जिले में एक स्थानीय निकाय के अध्यक्ष और पार्षद निर्विरोध चुने गए। मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) को सभी स्थानीय निकाय चुनावों की मतगणना तीन दिसंबर के बजाय 21 दिसंबर को कराने का मंगलवार को निर्देश दिया। चव्हाण ने इस संबंध में कहा, ''(ईवीएम वाले) बक्से 16-17 दिनों तक कुछ गोदामों में रखे रहेंगे और सरकार को उनके साथ छेड़छाड़ करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा।'' महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि लोगों का चुनावी प्रक्रिया से विश्वास उठ रहा है।

# बच्चों की मौत का कफ सिरप! ईडी ने कसा शिकंजा चेन्नई में मिला बेनामी संपत्ति का जखीरा, बड़ी कार्रवाई



**भोपाल, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

कोल्ड्रिफ सिरप बनाने वाली कंपनी, जिसके इस्तेमाल से मध्य प्रदेश में कम से कम 20 बच्चों की मौत होने का आरोप है, ने दवा बनाने के लिए फार्मा-ग्रेड के बजाय इंडस्ट्रियल-ग्रेड रॉ मटेरियल का इस्तेमाल किया, जिसकी क्वालिटी चेक नहीं हुई थी, यह बात ईडी की जांच में सामने आई है। फेडरल जांच एजेंसी ने आगे दावा किया कि तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट के अधिकारी आरोपी कंपनी चेन्नई की श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के मालिक जी रंगनाथन के साथ लगातार संपर्क में थे, लेकिन फर्म का ज़रूरी सालाना इंस्पेक्शन नहीं किया गया। एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट ने बुधवार को जारी एक बयान में यह बात कही, जब उसने रंगनाथन और उनके परिवार के सदस्यों के चेन्नई में दो फ्लैट अटैच किए।

इसके अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मंगलवार को संसद में बताया कि मध्य प्रदेश में खराब सिरप पीने से बच्चों की मौत के बाद 700 से ज़्यादा कफ सिरप बनाने वाली कंपनियों की कड़ी जांच हो रही है। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, पंढुर्ना और बैतूल ज़िलों के 26 बच्चों की मौत, जिनमें ज़्यादातर पाँच साल से कम उम्र के थे, कथित तौर पर कोल्ड्रिफ कफ सिरप देने के बाद किडनी फेल होने से हो गई। संघीय जांच एजेंसी ने यह भी दावा किया कि तमिलनाडु औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारी आरोपी कंपनी - चेन्नई स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स - के मालिक जी. रंगनाथन के साथ ''लगातार संपर्क'' में थे, लेकिन कंपनी का अनिवार्य वार्षिक निरीक्षण नहीं किया गया। ईडी ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि एजेंसी ने रंगनाथन और उनके परिवार से जुड़े चेन्नई स्थित दो फ्लैट धनशोधन निरोधक कानून के तहत कुर्क किए हैं। बयान में कहा गया कि ये संपत्तियां तमिलनाडु की राजधानी के कोडम्बक्कम में स्थित हैं और इनकी कीमत करीब 2.04 करोड़ रुपये है। रंगनाथन को मध्य प्रदेश पुलिस ने अक्टूबर में गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया कि श्रीसन फार्मा ''अपनी निर्माण लागत को कम करने और मुनाफा बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर अनुचित व्यापार प्रथाओं में लिप्त रही...।''जांच में पाया गया कि निर्माता ने दवाओं के निर्माण में गुणवत्ता जांच के बिना दवा बनाने के स्तर की गुणवत्ता वाले कच्चे माल के बजाय उद्योग में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल का इस्तेमाल किया। ईडी ने कहा, ''ऐसी सामग्री बिना बिल के नकद में खरीदी जा रही थी।'' ईडी ने मध्य प्रदेश पुलिस और तमिलनाडु पुलिस द्वारा दर्ज अलग-अलग प्राथमिकी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज किया है।

# झारखंड में बन सकती है डबल इंजन की सरकार ! भाजपा नेताओं से हेमंत सोरेन की मुलाकातों से शुरू हुआ अटकलों का



**रांची, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

झारखंड की राजनीति इस समय असामान्य हलचल से गुजर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की भाजपा के साथ बढ़ती निकटता से नए राजनीतिक समीकरणों की अटकलें लगातार गहराती जा रही हैं। हालांकि झामुमो, कांग्रेस और राजद, सभी ने राजनीतिक अस्थिरता की खबरों को अफवाह बताया है, लेकिन हालिया घटनाओं की टाइमिंग ने सियासी गलियारों में कई नए सवाल खड़े कर दिए हैं। अटकलों का दौर तब शुरू हुआ जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन का राष्ट्रीय राजधानी में लंबा ठहराव और भाजपा नेताओं से कथित मुलाकातों की खबरें सामने आईं। इसी दौरान झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार का केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलना भी घटनाक्रम को और संदिग्ध बनाता दिखा। इन सबके बीच झामुमो-कांग्रेस-राजद की सरकार में अंदरूनी खटास की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। बिहार विधानसभा चुनावों में सीट बंटवारे को लेकर झामुमो और महागठबंधन के बीच तनातनी खुलकर सामने आ चुकी थी। झामुमो ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस और राजद ने उन्हें योजनाबद्ध तरीके से किनारे किया, जबकि वह महागठबंधन का हिस्सा है। पार्टी ने तब यह भी कहा था कि वह 'इंडिया' गठबंधन में अपनी भूमिका की समीक्षा करेगी। यही विवाद अब झारखंड के अंदर भी तनाव की पृष्ठभूमि तैयार करता दिख रहा है। दिल्ली में कई दिनों तक ठहरने के बाद सोरेन दंपति 5 दिसंबर से शुरू होने जा रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले रांची लौट चुके हैं। झामुमो का कहना है कि दिल्ली यात्रा पारिवारिक चिकित्सकीय कारणों से थी और मुख्यमंत्री ने प्रवर्तन निदेशालय से जुड़े मामलों को लेकर कानूनी सलाह भी ली। उधर कांग्रेस ने भाजपा पर अफवाह फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चल रहा है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने सियासी उथल-पुथल की खबरों को पूरी तरह बेबुनियाद बताया है। लेकिन राजनीतिक विश्लेषक इससे सहमत नहीं दिखते। उनका कहना है कि विधानसभा का गणित अपने आप में संभावित फेरबदल की गुंजाइश पैदा करता है। झामुमो के पास 34 विधायक हैं और कांग्रेस के 16, राजद के 4 तथा वाम दलों के 2 विधायकों के साथ गठबंधन इस समय 56 सीटों पर टिका है। यदि झामुमो के 34 और भाजपा के 21 तथा छोटे दलों– एलजेपीआर, एजेएसयू, जेडीयू के साथ नया समीकरण बनाता है तो यह संख्या 58 तक पहुंच सकती है। यह आंकड़ा वर्तमान गठबंधन से अधिक और स्थिर बहुमत के लिए पर्याप्त होगा।

हालांकि कांग्रेस के भीतर भी यह आशंका है कि यदि झामुमो ने मन बनाया तो कांग्रेस के कुछ विधायक पाला बदलने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन दल-बदल कानून के कारण यह रास्ता आसान नहीं है। ऐसे किसी भी कदम से बचने के लिए कम से कम 11 कांग्रेस विधायकों का समूहिक रूप से दल छोड़ना आवश्यक होगा।

उधर, भाजपा ने सार्वजनिक रूप से गठबंधन की संभावना से इंकार करते हुए कहा है कि सोरेन सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है, लेकिन राजनीतिक हवाओं का रुख बताता है कि भाजपा परदे के पीछे से समर्थन देने के विकल्प पर विचार कर सकती है, यदि इससे कांग्रेस कमजोर होती है और झारखंड में सत्ता समीकरण बदलता है। हम आपको बता दें कि दिल्ली में हुई मुलाकातों और झामुमो-कांग्रेस-राजद के बीच बढ़ती दूरी के संकेत, जैसे साझा मंचों पर अनुपस्थिति, कार्यक्रमों का रद्द होना, आपसी संवाद का कम होना, इस बात की पुष्टि करते हैं कि झारखंड की राजनीति निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। सवाल यह है कि क्या हेमंत सोरेन सचमुच भाजपा से हाथ मिलाने के लिए तैयार हैं।

## गुरदासपुर थाने पर ग्रेनेड हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार




**गुरदासपुर।** पंजाब के गुरदासपुर में एक थाने पर ग्रेनेड हमले के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपी की पहचान बठिंडा जिले के रामूवाल निवासी मोहन सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इससे पहले हमले के सिलसिले में चार आरोपियों प्रदीप कुमार, गुरदित, नवीन चौधरी और कुश को गिरफ्तार किया था। यह हमला 25 नवंबर को हुआ था, जिसमें दो महिलाएं घायल हो गई थीं। पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से एक पी-86 हथगोला और दो पिस्तौल बरामद कीं। अधिकारी ने बताया कि सिंह की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर पांच हो गई है। यादव ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला कि मोहन सिंह गैंगस्टर शहजाद भट्टी के संपर्क में था और उसने पंजाब में आतंक फैलाने के उद्देश्य से इस हमले को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया, ''पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए आगे की जांच की जा रही है।

## स्थानीय निकाय चुनावों में मतदान के लिए केरल के कर्मचारियों को छुट्टी दें नियोक्ता : शिवकुमार



**कर्नाटक।** उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को राज्य भर के नियोक्ताओं से अनुरोध किया कि वे केरल के कर्मचारियों को सवेतन अवकाश प्रदान करें, ताकि वे अपने गृह राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव में मतदान के लिए जा सकें। केरल में स्थानीय निकाय चुनावों के लिए नौ और 11 दिसंबर को मतदान होना है। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा कि बड़ी संख्या में केरल निवासी बेंगलुरु और कर्नाटक के अन्य हिस्सों में रहते व काम करते हैं। उन्होंने सभी कंपनियों, शैक्षणिक संस्थानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, होटलों, ठेकेदारों, बिल्डरों, दुकान मालिकों और अन्य व्यवसाय संचालकों से आग्रह किया कि वे पात्र मतदाताओं को न्यूनतम तीन दिन का सवेतन अवकाश प्रदान करें।

# नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 15 लाख रुपये की केबल चोरी होने के मामले में साइट इंजीनियर समेत चार लोग गिरफ्तार



**नईदिल्ली, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

जेवर स्थित निर्माणाधीन नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तैनात एक साइट इंजीनियर को तीन अन्य लोगों के साथ लगभग 15 लाख रुपये मूल्य के एल्युमीनियम केबल चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इन लोगों के साथ ही हवाई अड्डे के अन्य कर्मचारी भी संदेह के घेरे में हैं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) सुधीर कुमार ने बताया कि इकोटेक-1 थाने की एक टीम ने मंगलवार रात चार लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से एल्युमीनियम केबल के सात बंडल, फर्जी नंबर प्लेट वाला एक कैंटर और एक कार बरामद की। कुमार ने बताया कि गिरफ्तार साइट इंजीनियर शिवम शर्मा (22) ने केबल तक पहुंच सुनिश्चित कर चोरी में कथित तौर पर अहम भूमिका निभाई, जबकि अन्य आरोपियों-चालक इरशाद अहमद (23), कार हेल्पर मोहम्मद सिराज (21) और कबाड़ विक्रेता इजहार उर्फ ??सोनू (26) ने सामग्री उठाने व बेचने में मदद की। उन्होंन बताया कि शिवम शर्मा अलीगढ़ का रहने वाला है, जबकि तीन अन्य आरोपी सिद्धार्थनगर जिले के निवासी हैं। अधिकारी ने बताया, ÷पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि केबल हवाई अड्डे के परिसर के अंदर से चुराए गए थे और साइट पर तैनात कुछ अन्य कर्मचारी भी इसमें शामिल हो सकते हैं। उनकी भूमिका की जांच की जा रही है।

# महोबा में लापता शिक्षामित्र का शव कुएं से बरामद

**महोबा, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**



उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र में एसआईआर का कार्य में सहायक के तौर पर लगे एक शिक्षामित्र का शव पुलिस ने बुधवार को पवा गांव के कुएं से बरामद किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पवा गांव के एक कुएं से बुधवार को शिक्षामित्र शंकरलाल (49) का शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। महोबा की जिलाधिकारी (डीएम) गजल भारद्वाज ने पत्रकारों को बताया कि विधानसभा क्षेत्र महोबा के पवा गांव में दो बूथ 31 और 32 हैं। उन्होंने कहा कि बूथ संख्या 31 में एसएसआर के लिए बीएलओ बृजेंद्र सिंह हैं और उनके सहयोग के लिए शिक्षामित्र शंकरलाल को लगाया गया था। जिलाधिकारी ने बताया कि मृत शिक्षामित्र सोमवार से लापता था, अब तक किसी दबाव या काम के बोझ की सूचना नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि शव के पोस्टमॉर्टम के लिए एक टीम गठन किया गया है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट एवं पुलिस जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की योजना बना रहे थे अमित शाह, ममता बनर्जी का आरोप

**बहरामपुर, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को मुर्शिदाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भाजपा पर धर्म के आधार पर राजनीति करने का आरोप लगाया. ममता ने कहा, एसआईआर से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों में आधे से ज्यादा हिंदू थे. आप (भाजपा) उस डाल को मत काटो जिस पर आप (भाजपा) बैठे हो. मुख्यमंत्री ममता ने पूछा कि रोहिंग्या लोग असम और त्रिपुरा जैसे राज्यों से घुसपैठ करते हैं, जिनकी सीमा बांग्लादेश से लगती है, तो क्या वहां एसआईआर अभ्यास इसलिए शुरू नहीं किया गया क्योंकि वे भाजपा शासित राज्य हैं? ममता ने आगे आरोप लगाया कि अगर हमने पश्चिम बंगाल में एसआईआर की इजाजत नहीं दी होती तो अमित शाह राष्ट्रपति शासन लगाने की योजना बना रहे थे. ममता ने कहा, अगर मैंने एसआईआर की इजाजत नहीं दी होती, तो वे बिना मतदान के राष्ट्रपति शासन लगा देते. ममता ने अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या आप अमित शाह की चाल समझते हैं? हम इतने बेवकूफ नहीं हैं, बाबूमोशाय, गोदीभाई! हम करेंगे, हम लड़ेंगे. हम जीतकर दिखाएंगे. सीएम ममता ने एसआईआर के लागू होने को, जो राज्य में विधानसभा चुनावों से ठीक पहले शुरू हुआ, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर को लागू करने की दिशा में पहला कदम बताया. गुरुवार को मुर्शिदाबाद के बहरामपुर स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि ऊपर से देखने में यह आसान लगता है, लेकिन इसके पीछे बंगालियों की नागरिकता छीनने और उन्हें बेघर करने की गहरी साजिश है.तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता ने एक बार फिर हा कि वह बंगाल में एनआरसी लागू नहीं होने देंगी. उन्होंने कहा, भले ही वे मेरा गला काट दें, मैं यहां कोई डिटेंशन कैंप नहीं बनने दूंगी और किसी को भी बाहर नहीं निकालूंगी.ममता ने उन आरोपों का भी जोरदार खंडन किया जो भाजपा और केंद्र सरकार बार-बार लगाती है कि बंगाल घुसपैठियों के लिए एक सुरक्षित जगह है. उन्होंने रोहिंग्या मुद्दे पर सीधे गृह मंत्रालय और बीएसएफ को जिम्मेदार ठहराया. मुख्यमंत्री ममता ने कहा, रोहिंग्या को बंगाल में कौन लाया। हम उन्हें कहां से लाएंगे। रोहिंग्या आपके मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड से आएंगे.



वहां एसआईआर क्यों नहीं है। क्योंकि वहां भाजपा सत्ता में है। उन्होंने केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों की लिस्ट दिखाते हुए सवाल किया, बॉर्डर किसके हाथों में हैं। आपके हाथों में. बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी, आईटीबीपी - सब किसके हाथों में हैं। पासपोर्ट किसके हाथों में हैं। आपके हाथों में. वीजा किसके हाथों में हैं। आपके हाथों में. क्या हम सिर्फ उन्हें ही दोष दे सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियों की निगरानी में कमी के कारण घुसपैठ होती है, जबकि राजनीतिक फायदे के लिए तृणमूल कांग्रेस को दोषी ठहराया जा रहा है. उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में कोई रोहिंग्या नहीं हैं. रोहिंग्या बांग्लादेश में हैं और भाजपा के डबल इंजन वाले राज्यों - असम और त्रिपुरा में हैं. वहां SIR क्यों नहीं किया जा रहा है. आम लोगों के डर को कम करने के लिए, मुख्यमंत्री ममता ने एक बार फिर मंच से कहा कि उन्होंने खुद अभी तक एसआईआर प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया है और न ही वोटर लिस्ट में अपना नाम डलवाने के लिए काम किया है. उन्होंने कहा कि जब तक लोग इस प्रक्रिया को सुरक्षित रूप से पूरा नहीं कर लेते, तब तक वह खुद भी ऐसा नहीं करेंगी. SIR की अवधि पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों से ठीक तीन महीने पहले यह प्रक्रिया लागू करना असल में लोगों को गुमराह करने की एक रणनीति है. देश के बंटवारे के दर्द की याद दिलाते हुए उन्होंने ऊपरी बंगाल से आए विस्थापित लोगों को भरोसा दिलाया. उनका मैसेज था, जो विस्थापित परिवार बहुत मुश्किल से ऊपरी बंगाल से आए हैं, वे भारतीय नागरिक हैं.

वे इस देश के नागरिक हैं. इसलिए, बंगाल में एनआरसी नहीं होगा.मुख्यमंत्री ममता ने बंगाली भाषा के अपमान के खिलाफ भी आवाज उठाई. उन्होंने बंगाली बोलने वाले किसी भी व्यक्ति को बांग्लादेशी कहने की आदत के खिलाफ आवाज उठाई. उन्होंने कहा, याद रखें कि बंगाली हमारे दिलों की भाषा है. जैसे मैं दूसरी भाषाओं की इज्जत करती हूं, वैसे ही हम अपनी भाषा की भी इज्जत करते हैं. मैं बंगाली एक बार नहीं, हजारों, लाखों, करोड़ों बार बोलूंगी. क्योंकि हमने पैदा होने के बाद से ही अपनी भाषा में मां कहना सीखा है. मैं इस भाषा के प्रति अनादर और अन्याय बर्दाश्त नहीं करूंगी.

## कंगना रनौत ने राहुल गांधी को दिया भाजपा में आने का न्योता, कहा- अटल जैसा बनिए



**नईदिल्ली, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भाजपा में आने का न्यौता दिया है। कंगना ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा कि अगर राहुल अपनी तुलना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से अपनी तुलना कर रहे हैं तो उन्हें भाजपा में आ जाना चाहिए। कंगना ने कहा कि राहुल भी अटल जी की तरह बन सकते हैं। दरअसल, राहुल ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दिल्ली दौरे पर उनकी मुलाकात अन्य नेताओं से न कराने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि परंपरा रही है कि जब भी कोई बाहर से आता है तो वह नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) से मिलता है और ये परंपरा वाजपेयी और मनमोहन सिंह के समय भी थी। उन्होंने कहा कि आज विदेशी प्रतिनिधि को सरकार सुझाव देती है कि उन्हें एलओपी से नहीं मिलना चाहिए। इस पर कंगना ने कहा, ये सरकार के फैसले हैं। अटलजी देश की संपत्ति थे, देशभक्त थे। पूरे देश को उन पर गर्व था...लेकिन देश के लिए राहुल गांधी की भावनाएं काफ़ी संदिग्ध हैं। इंटरनेशनल साजिशें, दंगे की बात हो या टुकड़े-टुकड़े की साज़िशें, यह संदिग्ध है, लेकिन अगर राहुल गांधी अपनी तुलना अटलजी से कर रहे हैं, तो मेरा एक सुझाव है, भाजपा में शामिल हो जाइए। भगवान ने आपको जिंदगी दी है।

# सर्दियों में डेनिम जैकेट के साथ इन कपड़ों का करें चयन, दिखेंगी स्टाइलिश और आरामदायक

सर्दियों में डेनिम जैकेट एक बेहतरीन विकल्प है क्योंकि यह न केवल आपको गर्म रखती है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाती है। सही कपड़ों के साथ डेनिम जैकेट पहनने से आपका लुक और भी खास बन सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे कपड़ों के बारे में बताएंगे, जिन्हें डेनिम जैकेट के साथ पहनकर आप सर्दियों में भी स्टाइलिश दिख सकते हैं और आराम महसूस कर सकते हैं।

ऊनी स्वेटर या स्वेटशर्ट के साथ पहनें

ऊनी स्वेटर या स्वेटशर्ट के साथ डेनिम जैकेट पहनना एक अच्छा विचार है। यह न केवल आपको ठंड से बचाता है, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाता है। आप नीले या काले रंग की डेनिम जैकेट को ग्रे या सफेद रंग के ऊनी स्वेटर या स्वेटशर्ट के साथ पहन सकते हैं। यह मेल आपको एक स्मार्ट और आकर्षक लुक देगा, जिससे आप कहीं भी जाएं, वहां स्टाइलिश दिखेंगी।

फ्लेनल शर्ट के साथ बनाएं मेल

फ्लेनल शर्ट के साथ डेनिम जैकेट पहनना भी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। फ्लेनल शर्ट की नरमाई और डेनिम जैकेट की मजबूती का मेल आपके लुक को खास बना सकता है। आप लाल या हरे रंग की फ्लेनल शर्ट को नीली डेनिम जैकेट के साथ पहनकर एक आकर्षक लुक पा सकते हैं। यह मेल न केवल आरामदायक है बल्कि आपको ठंड से भी बचाता है, जिससे आप सर्दियों में भी स्टाइलिश दिखेंगी।



काले रंग की पैंट्स के साथ जचेंगी

काले रंग की पैंट्स के साथ डेनिम जैकेट का मेल हमेशा ही आकर्षक लगता है। यह संयोजन आपको एक स्मार्ट और फैशनेबल लुक देगा, जिससे आप कहीं भी जाएं, वहां स्टाइलिश दिखेंगी। काले रंग की पैंट्स के साथ नीली या काले रंग की डेनिम जैकेट पहनकर आप एक बेहतरीन स्टाइल पा सकती हैं। यह लुक न केवल आरामदायक है बल्कि आपको ठंड से भी बचाता है, जिससे आप सर्दियों में भी स्टाइलिश दिखेंगी।

टी-शर्ट या टर्टलनेक टॉप के साथ बनाएं स्टाइल

टी-शर्ट या टर्टलनेक टॉप के साथ डेनिम जैकेट पहनना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। सफेद या ग्रे रंग की टी-शर्ट के साथ नीली डेनिम जैकेट बहुत अच्छी लगती है, वहीं टर्टलनेक टॉप आपके लुक को और भी खास बना सकता है। यह मेल न केवल आरामदायक है बल्कि आपको ठंड से भी बचाता है, जिससे आप सर्दियों में भी स्टाइलिश दिखेंगी और ठंड से सुरक्षित रहेंगी।

स्कार्फ और हैट जैसे एक्सेसरीज का करें उपयोग

स्कार्फ और हैट जैसे एक्सेसरीज आपके डेनिम जैकेट लुक को पूरा कर सकते हैं। रंग-बिरंगे स्कार्फ और स्टाइलिश हैट्स आपके लुक को और भी खास बना सकते हैं। आप अपनी पसंद के अनुसार विभिन्न रंगों और डिजाइनों वाले स्कार्फ चुन सकती हैं जो आपकी डेनिम जैकेट के साथ मेल खाएं, वहीं स्टाइलिश हैट्स न केवल आपको ठंड से बचाएंगे बल्कि आपके लुक को भी आकर्षक बनाएंगे।



## एली अवराम ने बतायी हुमा डोल के पीछे अपने सपनों की कहानी

बॉलीवुड और इंटरनेशनल म्यूजिक के फैंस के लिए हुमा डोल एक यादगार म्यूजिक वीडियो बन गया है। यह गाना न सिर्फ अपने खूबसूरत संगीत के लिए चर्चा में है, बल्कि इसके पीछे की कहानी भी किसी सपने की तरह है। अभिनेत्री एली अवराम ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कैसे यह प्रोजेक्ट उनके लिए दो बड़े सपनों को सच करने जैसा रहा।

एली अवराम ने कहा कि उन्होंने हमेशा चाहा था कि वह मोरक्को के सुपरस्टार गायक साद लमजारेंड के साथ किसी म्यूजिक वीडियो में काम करें। उनके लिए यह मौका लंबे समय से एक सपना बनकर रहा था। उन्होंने कहा, जब मैंने साद लमजारेंड का एक सुपरहिट अरबी गाना सुना था, तब से ही मन में यही इच्छा थी कि एक दिन उनके साथ काम करेंगी।

यह सपना आखिरकार हुमा डोल के जरिए सच हो गया। गाने को एक साल पूरा होने पर जब उनसे यादों के बारे में पूछा गया, तो एली ने कहा कि उनके दिमाग में सेट की एनर्जी और उत्साह समेत कई यादें ताजा हो गईं। उन्होंने कहा, मेरे इस अनुभव ने दो सपनों को पूरा किया। पहला सपना तो साद लमजारेंड के साथ काम करने का था और दूसरा सपना था कि मैं किसी पुराने जमाने की कहानी में एक प्रिंसेस जैसा लुक अपनाकर अभिनय करूं।

हुमा डोल ने मेरे इन दोनों सपनों को पूरा किया। मैं शूटिंग के दौरान सच में खुद को एक प्रिंसेस की तरह महसूस कर रही थी।

एली ने कहा, जब म्यूजिक वीडियो की टीम ने मुझे कास्ट करने के लिए संपर्क किया, तब एहसास हुआ कि बड़े सपने देखने से कभी डरना नहीं चाहिए। अगर आप अपने सपनों को लेकर गंभीर रहते हैं और उन्हें महसूस करने की इच्छा रखते हैं, तो एक दिन वह सच हो सकते हैं।


मेरे इस अनुभव ने साबित कर दिखाया कि सपने सच में पूरे हो सकते हैं। हुमा डोल गाने को लेकर एली ने बताया कि म्यूजिक वीडियो शूट करना उनके लिए किसी फिल्म बनाने से कम नहीं लगता, क्योंकि इसमें सिर्फ अभिनय ही नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस और इमोशन भी देना पड़ता है। उन्हें उम्मीद है कि आगे भी उन्हें ऐसे ही शानदार और जादुई म्यूजिक वीडियो करने का मौका मिलेगा।

## डीपनेक टाइटफिटेड आउटफिट में अनन्या पांडे का सिजलिंग अवतार सोशल मीडिया पर छाया



बॉलीवुड की यंग और स्टाइलिश एक्ट्रेसेस में शामिल अनन्या पांडे एक बार फिर अपने लेटेस्ट लुक को लेकर चर्चा में हैं. हाल ही में वह जीक्यू इवेंट में स्पॉट हुईं, जहां उनका बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. अनन्या का ये यूनिक और सिजलिंग अवतार देखने के बाद फैंस लगातार उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे. इवेंट के दौरान अनन्या ने एक बेहद स्टाइलिश और यूनिक आउटफिट कैरी किया. उनका अपर पार्ट डीप नेक और टाइट-फिटेड डिजाइन में है. जिसमें नेट फैब्रिक और वाइट स्टोन का खूबसूरत काम किया गया है. यह ड्रेस उन पर न सिर्फ एलीगेंट लग रही है, बल्कि उनकी फिगर को भी परफेक्ट तरीके से हाईलाइट कर रही है. नीचे की ओर यह आउटफिट फ्लोई डिजाइन में है, जिसने पूरे लुक को और भी ग्रेसफुल बना दिया. अनन्या का यह मॉडर्न स्टाइलिश अवतार सोशल मीडिया पर इंटरनेट का तापमान बढ़ा रहा है. अपने आउटफिट को और खास बनाने के लिए अनन्या ने उसी कलर का एक कोट भी कैरी किया है. इस स्टाइलिश टच ने उनके पूरे लुक को काफी क्लासी बना दिया. स्टेटमेंट ईयररिंग्स, शाइनी मेकअप और खुले बालों के साथ एक्ट्रेस ने अपना ग्लैमरस लुक कंप्लीट किया.

# चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के लिए आजमाएं ये घरेलू नुस्खे



चेहरे के अनचाहे बालों की समस्या से कई महिलाएं परेशान रहती हैं। ये बाल न केवल चेहरे की सुंदरता को कम करते हैं, बल्कि कई बार जलन और खुजली का कारण भी बनते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपने चेहरे के अनचाहे बालों को बिना किसी दर्द के हटा सकती हैं और अपनी त्वचा को साफ और चमकदार बना सकती हैं।

बेसन और हल्दी का मिश्रण

बेसन और हल्दी का मिश्रण एक असरदार घरेलू उपाय है, जो चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने में मदद कर सकता है। इसके लिए एक चम्मच बेसन, आधी चम्मच हल्दी पाउडर और पानी मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और जब यह सूख जाए तो इसे धीरे-धीरे रगड़कर निकालें। इससे चेहरे के बाल धीरे-धीरे कम हो जाएंगे और त्वचा की रंगत भी निखरेगी।

शक्कर और नींबू का मिश्रण

शक्कर और नींबू का मिश्रण भी चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने का एक आसान तरीका है। इसके लिए एक चम्मच शक्कर, आधा चम्मच नींबू का रस और थोड़ा पानी मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद इसे धो लें। शक्कर स्क्रब की तरह काम करती है, जिससे मृत कोशिकाएं हटती हैं और नींबू का रस त्वचा को साफ करता है।

एलोवेरा जेल और चीनी का मिश्रण

एलोवेरा जेल और चीनी का मिश्रण भी एक अच्छा घरेलू उपाय हो सकता है। एलोवेरा जेल में ठंडक देने वाले गुण होते हैं, जो जलन को कम करते हैं, जबकि चीनी बालों को हटाने में मदद करती है। इन दोनों को मिलाकर एक पेस्ट बनाएं और अपनी त्वचा पर लगाएं। कुछ मिनट बाद इसे धीरे-धीरे रगड़कर निकालें। यह उपाय त्वचा को मुलायम बनाने के साथ-साथ बालों को हटाने में भी मदद करता है।

दूध और गुलाब जल का मिश्रण

दूध और गुलाब जल का मिश्रण भी चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने में मदद करता है। दूध में एक खास तरह का एसिड होता है, जो बालों को पतला करता है, जबकि गुलाब जल त्वचा को ठंडक देता है। इन दोनों को मिलाकर एक पेस्ट बनाएं और अपनी त्वचा पर लगाएं। कुछ मिनट बाद इसे धीरे-धीरे रगड़कर निकालें। इन घरेलू नुस्खों को अपनाकर आप अपने चेहरे के अनचाहे बालों को हटाकर अपनी त्वचा को साफ बना सकती हैं।



## रिलीज हुआ माधुरी दीक्षित के शो मिसेज देशपांडे का ट्रेलर, दमदार किरदार में दिखीं अभिनेत्री

एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपने नए शो मिसेज देशपांडे के साथ ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नागेश कुकुनूर के निर्देशन में बना शो मिसेज देशपांडे का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपने नए शो मिसेज देशपांडे के साथ ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नागेश कुकुनूर के निर्देशन में बना शो मिसेज देशपांडे का ट्रेलर रिलीज हो गया है। शो का ट्रेलर मुंबई में लॉन्च किया गया। माधुरी के साथ डायरेक्टर नागेश और को-स्टार प्रियांशु चटर्जी भी मौजूद थे।

ट्रेलर में दिखाया गया है कि माधुरी दीक्षित का किरदार कुछ लोगों को रस्सी के जरिए मार देता है। पुलिस केस की जांच करती है और कहती है कि इन लोगों को नायलॉन की रस्सी से मारा गया है और शीशे के सामने बॉडी को रखा गया है। लगता है 25 साल पहले वाली कोई सीरियल किलर है।

ट्रेलर में पुलिस माधुरी से पूछताछ करती हैं। माधुरी कहती हैं, मैं यहां अंदर हूं। इसका मतलब कोई बाहर है, जो मेरी नकल कर रहा है। इसके बाद माधुरी पुलिस वाले से डील करती हैं। वह कहती हैं आपको मेरी मदद की जरूरत है लेकिन मुझे बदले में कुछ चाहिए। फिर वह जांच में पुलिस की मदद करती हैं। हालांकि ट्रेलर में यह पता नहीं चल पाया कि असली कातिल कौन है?

मिसेज देशपांडे शो के ट्रेलर को कई दर्शकों ने पसंद किया है। वह इस पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है माधुरी दीक्षित को इस तरह इससे पहले कभी नहीं देखा। एक दूसरे यूजर ने लिखा है स्क्रीन पर राज करने रानी दोबारा आ गई है। एक और यूजर ने लिखा है यह शो कमाल का होने वाला है। माधुरी दीक्षित हमेशा चमकती हैं। यह एक्ट्रेस सुपरस्टार है।

माधुरी दीक्षित ने आने वाली थ्रिलर सीरीजी में अपने रोल के बारे में बात करते हुए कहा कि यह उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज हो सकता है। क्योंकि वह इसे अब तक निभाए गए सबसे मल्टी-लेयर्ड कैरेक्टर्स में से एक कहती हैं। माधुरी दीक्षित का यह शो 19 दिसंबर 2025 को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा। शो को अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने कुकुनूर मूवीज के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है।

## आमिर खान के प्रोडक्शन ने हैप्पी पटेल का ऐलान किया, कॉमेडियन वीर दास पर लगाया दांव




आमिर खान प्रोडक्शंस की अनोखी जासूसी फिल्म हैप्पी पटेल का एलान हो गया है. इस फिल्म से वीर दास के डायरेक्टोरियल डेब्यू कर रहे हैं, जिसमें वीर दास और मोना सिंह लीड रोल्स में नजर आएंगे. जैसे इसका टाइटल मजेदार है, वैसे ही मेकर्स ने फिल्म का अनाउंसमेंट वीडियो और भी मजेदार अंदाज में रिलीज किया है, जिसमें आमिर खान और वीर दास दिखाई दे रहे हैं.

हैप्पी पटेल की घोषणा बिल्कुल हटके और बेहद मजेदार तरीके से की गई है. वीडियो में आमिर खान, वीर दास से पूछते नजर आते हैं कि आखिर वो फिल्म में एक्शन, रोमांस और यहां तक कि आइटम नंबर को किस अंदाज में दिखाने वाले है? आमिर को लगातार यह चिंता सताती दिखती है कि दर्शक इस सब पर कैसा रिस्पॉन्स देंगे, जबकि उसी समय वीडियो में दूसरे लोग फिल्म की जमकर तारीफ करते नजर आते हैं. उनकी बातचीत का यह मजेदार कंट्रास्ट पूरे अनाउंसमेंट को बेहद मनोरंजक बना देता है. इतना तो पक्का है कि एक बिल्कुल अलग तरह की सिनेमा आने वाली है. और सबसे खास बात ये है कि आमिर खान प्रोडक्शंस हमेशा हटकर और अनोखी कहानियां बड़े ही सलीके से पेश करता आया है. लगान, तारे जमीन पर, दंगल और सीक्रेट सुपरस्टार जैसी यादगार फिल्मों के बाद, यह फिल्म भी यूनिक सिनेमा दिखाने की एक और कोशिश है. दिलचस्प बात ये है कि इस बार वो मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन वीर दास के साथ काम कर रहे हैं, जो न सिर्फ अपनी कॉमेडी स्पेशल्स के साथ दुनिया भर में परफॉर्म कर चुके हैं, बल्कि गो गोवा गॉन, बदमाश कंपनी और दिल्ली बेली जैसी फिल्मों में भी काम कर चुके हैं.

## सू- दोकू क्र. 248

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.247 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य - 248

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 247 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ड़ा |
| त | ■ | ■ | स्व | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | दां | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नी | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

## धुरंधर के नए गाने ईज-ईज में दिखा रणवीर सिंह का स्वैग

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर का इंतजार खत्म होने वाला है। 5 दिसंबर को ये फिल्म दुनियाभर के सिनेमाघरों में तहलका मचाने के लिए आ रही है। इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म का एक और धमाकेदार गाना ईज-ईज जारी कर दिया है। दिलजीत दोसांझ, रैपर हनुमानकाइंड और शाश्वत सचदेव के सहयोग वाला ये गाना आते ही इंटरनेट पर छा गया है। ईज-ईज गाने को संगीत राज रंजोध और शाश्वत ने मिलकर दिया है। रणवीर ने म्यूजिक वीडियो ईज-ईज जारी करते हुए लिखा, एक जादू जो केवल शाश्वत सचदेव ही दिलजीत और ह्यूमनकाइंड के साथ बना सकते हैं- 2025 का सबसे बड़ा कोलैब। सारेगामा के यूट्यूब चैनल पर म्यूजिक वीडियो को जारी किया गया है जो अपनी एनर्जी और मजबूत दृश्य के कारण चर्चा में आ गया है। रणवीर की धुरंधर में, संजय दत्त, आर माधवन, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन भी हैं।

# जामपानी विद्यालय के छात्रों को ठंड से बचाने उपलब्ध कराए गर्म कपड़े

**कोरिया बैकुंठपुर।** शासकीय एम.एस./पी.एस. जामपानी में एक महत्वपूर्ण और जनहितकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों से छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क स्वेटर एवं लेगीज वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम हाई स्कूल जामपानी की प्राचार्य श्रीमती मनोरमा कुजूर एवं ग्राम पंचायत जामपानी के सरपंच अंबे लाल के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सी.ए.सी. कमलेश पांडे भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

ठंड के मौसम में बच्चों को गर्म कपड़ों की आवश्यकता को देखते हुए यह पहल छात्रों के स्वास्थ्य तथा उनकी निरंतर उपस्थिति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों के अभिभावक, ग्रामवासी एवं समिति के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने विद्यालय द्वारा संचालित इस कल्याणकारी कार्य की सराहना की। इस कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि विद्यालय के सभी शिक्षक—प्रधान पाठक सुरेश प्रसाद शर्मा, बृजराज गिरी, सुश्री आकांक्षा मिश्रा, सुश्री नेहा भोई, प्रधान पाठक, इंद्रपाल विश्वकर्मा, दर्शन लाल बारमेते एवं श्रीमती सुकृति कुशवाहा—ने संयुक्त रूप से पूरे आयोजन



की तैयारी एवं संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छात्रों की सूचीकरण, सामग्री वितरण, व्यवस्था तथा अभिभावकों को आमंत्रित करने जैसे कार्य शिक्षकों की टीम भावना एवं जिम्मेदारियों के प्रति उनकी निष्ठा को दर्शाते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल वस्त्र वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास में सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में स्वेटर और लेगीज मिलने से छात्र-छात्राएं बिना किसी परेशानी के नियमित रूप से विद्यालय आ सकेंगे, जिससे उनकी शिक्षा में निरंतरता बनी रहेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच अंबे लाल ने कहा कि शिक्षा समाज का आधार है और शिक्षकों की मेहनत एवं सार्थक प्रयासों से ही गांव के बच्चे बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। वहीं, प्राचार्य श्रीमती मनोरमा कुजूर ने विद्यालय के शिक्षकों की टीम भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करना विद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसी दिशा में आगे भी प्रयास जारी रहेंगे।सी.ए.सी. कमलेश पांडे ने छात्रों को अध्ययन के प्रति और अधिक प्रेरित होने का आह्वान किया तथा अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। उन्होंने विद्यालय द्वारा की जा रही इस उपयोगी पहल की प्रशंसा की और इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया। अंत में, समिति के सदस्यों एवं अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और बच्चों के चेहरों पर मिले गर्म वस्त्रों की खुशी साफ झलक रही थी। यह पहल शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक संवेदनशीलता की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जिसने ग्राम जामपानी में सामूहिक सहयोग की प्रेरणा को और मजबूत किया है।

## शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का गोद ग्राम शिविर हुआ संपन्न




**कोरिया बैकुंठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के द्वारा 4 दिसंबर 2025 को गोद ग्राम जामपारा में राष्ट्रीय सेवा योजना थीम नशा मुक्त भारत और युवा के अंतर्गत विद्यालय के प्राचार्य ए एल गुप्ता के संरक्षण तथा कार्यक्रम अधिकारी सुश्री एस ए अली तथा सहयोगी एन के दिवाकर के नेतृत्व में आज एक दिवसीय शिविर रखा गया। शिविर में सभी राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ी छात्राओं द्वारा स्कूल से गोद ग्राम तक रैली निकालकर गांव की साफ सफाई की गई तथा घर-घर संपर्क कर नशा से दूर रहने तथा उनके दुष्परिणाम के बारे में बच्चों द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इसके पश्चात गांव की सरपंच श्रीमती रेखा चिकनजूरी तथा उप सरपंच धरमसाय राजवाड़े द्वारा बच्चों को भोजन कराया गया। जिसमें सभी ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग रहा जो काफी सराहनीय है ग्रामवासी के रूप में श्रीमती आश्रिता राजवाड़े, संगीता राजवाड़े, मनीष सिंह, रितेश राजवाड़े एवं तारा राजवाड़े ने भी अपना सहयोग प्रदान कर इस गोद ग्राम शिविर के आयोजन में अपना भरपूर सहयोग प्रदान कर आयोजन को सफल बनाया।

### जेल परिरूद्ध बंदियों के लिए लगाया गया एड्स जागरूकता शिविर

**कोरिया।** जिला जेल बैकुण्ठपुर में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अवसर पर जेल प्रशासन बैकुण्ठपुर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बैकुण्ठपुर के मार्गदर्शन में जेल परिरूद्ध बंदियों के लिए एच.आई.व्ही., एड्स से सबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही स्वास्थ्या परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर के चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ0 योगेन्द्र चौहान, डॉ0 बलवंत सिंह एवं डॉ0 रामकृष्ण यादव के द्वारा जेल के 47 बंदियों को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## रतनपुर में अतिक्रमण वाली जगह पर हुई कार्यवाही, अब लोगों ने कहा हमने खरीदा था

**चिरमिरी।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम रतनपुर में वनभूमि से हटाए गए अतिक्रमण प्रकरण में नया मोड़ सामने आया है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद स्वयं हटाए गए व्यक्तियों ने बयान दिया है कि जिस जमीन पर उन्होंने मकान बनाया था, वह किसी करीमन नाम के व्यक्ति ने उन्हें बेची थी। ग्रामीणों के मुताबिक, उसी व्यक्ति ने उन्हें यह कहकर धोखाधड़ी से भूमि बेची कि वह राजस्व भूमि है, जिस पर वे मकान बना सकते हैं।

इस मामले को राजनीतिक रंग देते हुए कुछ नेताओं द्वारा यह दावा किया गया था कि वन विभाग ने पट्टा धारकों के घर तोड़े हैं। कांग्रेस से जुड़े कुछ स्थानीय नेताओं और दीपक बैज द्वारा जिस पट्टे को आधार बनाकर जनता के बीच भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है, उसमें दर्ज खसरा क्रमांक स्पष्ट रूप से राजस्व वनभूमि का है, न कि उस वास्तविक वनभूमि का जहाँ वृक्षारोपण हेतु भूमि सुरक्षित है और जहां से अतिक्रमण हटाया गया है। स्पष्ट रूप से यह भी उल्लेखनीय है कि वनभूमि की खरीदी-बिक्री कानूनन पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसलिए किसी व्यक्ति द्वारा वनभूमि को बेचने का दावा अवैध है। इसी आधार पर वन विभाग द्वारा सभी अतिक्रमणकर्ताओं को पूर्व में नोटिस जारी किया गया था और नियमानुसार हटाने की कार्रवाई की गई। विवादित भूमि वृक्षारोपण और वन संरक्षण के लिए आरक्षित है। ऐसे में निर्माण, बिक्री या कब्जा किसी भी स्थिति में मान्य नहीं है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, मामले में दोषियों के खिलाफ आगे कानूनी कार्रवाई संभव है। साथ ही, विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की जमीन खरीदने से पहले संबंधित राजस्व अभिलेखों और विभागीय श्रेणी की सत्यता की जांच अवश्य करें, ताकि इस प्रकार की धोखाधड़ी से बचा जा सके और वन संरक्षण कार्य प्रभावित न हो।

# शिक्षार्थी आंकलन परीक्षा 7 दिसंबर को होगी जिले में, शिक्षा विभाग ने की तैयारी

**कोरिया।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 07 दिसंबर 2025 को आयोजित शिक्षार्थी आंकलन के सफल क्रियान्वयन हेतु विकासखण्ड वैकुण्ठपुर एवं सोनहत में कुल 303 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। उल्लास साक्षरता केन्द्र में अध्ययन अध्यापन कार्य 200 घंटे पूर्ण कर चुके शिक्षार्थी जिनकी कुल संख्या 7049 है



जिनकी परीक्षा 07 दिसंबर को प्रात: 10.00 बजे से 05.00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें कुल परीक्षा केन्द्र 303 बनाए गए है। 303 केन्द्राध्यक्ष, 171 पर्यवेक्षक सह मूल्यांकर्ता, जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर परीक्षा केन्द्रों का मॉनिटरिंग करने हेतु आदेश, कंट्रोल रूम प्रभारियों की नियुक्ति किया जा चुका है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के द्वारा प्रचार-प्रसार, घर-घर संपर्क, कोटवार द्वारा मुनादी कराएं जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही कलेक्टर के द्वारा अपील पेम्पलेट जनप्रतिनिधियों के द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में प्रसारित किया गया। धान उपार्जन केन्द्रों में फ्लैक्स लगाए गए केन्द्रों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल व आने एवं जाने में सुगमता हो ऐसे केंद्रों का चिन्हांकन किया जाकर शत-प्रतिशत शिक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक लाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया।

### कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा दौरा कर जिले के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बसदई, शिवप्रसादनगर, सवारवा, रामपुर तथा ओड़गी धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत कर खरीदी केंद्रों की व्यवस्था की भी जानकारी ली।कलेक्टर ने धान खरीदी की वर्तमान स्थिति, किसान पंजीयन, रकबा समर्पण तथा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित हो और किसी भी किसान को किसी प्रकार की समस्या न हो। साथ ही उन्होंने टोकन व्यवस्था, तौल मशीन और धान में नमी स्थिति का निरीक्षण करते हुए धान भंडारण की व्यवस्था की भी जानकारी ली।इस दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों और समिति प्रबंधकों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ किसानों की सुविधा को प्राथमिकता दी जाए।

### धान बेचकर लौटे संतोष और सम्मान के साथ

**एमसीबी।** जनकपुर उपार्जन केंद्र में इस वर्ष खरीफविपणन 2025-26 की खरीदी व्यवस्था किसानों के लिए उम्मीद और विश्वास की नई किरण लेकर आई है। यही सकारात्मक बदलाव आज भगवानपुर के किसान उमेश कुमार सिंह के परिवार में एक प्रेरक सफ्लता की कहानी बन गया। उमेश सिंह स्वयं मंडी नहीं पहुँच सके, लेकिन उनकी जगह उनके पुत्र अंकुर सिंह, जो पंजीयन में नामित प्रतिनिधि हैं, 250 क्विंटल धान लेकर उपार्जन केंद्र पहुँचे। पहली बार बिना किसी भागदौड़, बिना किसी परेशानी और पूरी पारदर्शिता के साथ उन्होंने खरीदी प्रक्रिया पूरी की। अंकुर ने मुस्कुराते हुए कहा इस बार सब कुछ समय पर और ईमानदारी से हो रहा है। मंडी में सम्मान महसूस हुआ। इस सफ्लता के पीछे पांच मुख्य कारण- स्वच्छ और सुव्यवस्थित उपार्जन केंद्र, पर्याप्त बारदाना, पानी और बैठने की व्यवस्था, डिजिटल टोकन और पारदर्शी तौल प्रणाली, 3100 रुपए प्रति क्विंटल का रिकॉर्ड समर्थन मूल्य, सरकार और प्रशासन का संवेदनशील व सक्रिय प्रबंधन।

## ऑनलाईन नीलामी होगी क्षेत्र के सभी रेतघाटों की, लोगों को सहुलियत का दावा

**कोरिया।** जिले में रेत उत्खनन एवं परिवहन को पूरी तरह पारदर्शी और नियंत्रित करने के लिए खनिज विभाग ने एक बड़ा व महत्वपूर्ण कदम उठाया है। छत्तीसगढ़ शासन, खनिज साधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत कोरिया जिले की दो रेत खदानें चिरमी ए1 एवं गेजी ए2- को छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के अनुसार घोषित कर इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से दिनांक 21 नवंबर 2025 को सफलतापूर्वक नीलाम कर दिया गया। खनिज विभाग का कहना है कि ई-नीलामी प्रक्रिया से भविष्य में रेत से होने वाला राजस्व बढ़ेगा, साथ ही रेत माफियाओं द्वारा अवैध परिवहन, उत्खनन और अवैध वसूली पर कड़ी रोक लगेगी।

खनिज विभाग ने स्पष्ट किया कि इलेक्ट्रॉनिक नीलामी से रेत कारोबार में पारदर्शिता आएगी और अवैध रेत उत्खनन व परिवहन की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाएगा। विभाग लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2020-21 में गौण खनिजों से प्राप्त राजस्व का 2025-26 में नियमों के अनुसार ग्राम पंचायतों व जनपद पंचायतों को संवितरण स्वीकृत किया गया है। इसके तहत खड़गवां विकास खण्ड के ग्राम पंचायत चिरमी को वित्तीय वर्ष 2020-21 में गौण खनिजों से 6 लाख 20 हजार रूपए वास्तविक राजस्व प्राप्त हुआ था , सम्बन्धित ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत को 16 लाख 33 हजार 957 रूपए वितरित किया जाएगा। इसी तरह सोनहत विकासखंड के ग्राम तेलीमुड़ा वित्तीय वर्ष 2020-21 में गौण खनिजों से 2 लाख 35 हजार रूपए वास्तविक राजस्व हुआ था, सम्बन्धित ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत को 6 लाख 19 हजार 313 रूपए वितरित किया जाएगा, वहीं बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम पिपरा को वित्तीय वर्ष 2020-21 में गौण खनिजों से 2 लाख 5 हजार रूपए वास्तविक राजस्व प्राप्त हुआ था, सम्बन्धित ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत को 5 लाख 40 हजार 260 रूपए वितरित किया जाएगा। खनिज विभाग के अनुसार, रेत खदानों से प्राप्त राशि सीधे पंचायतों के विकास कार्यों में उपयोग की जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पुलिया, पेयजल एवं सामुदायिक संसाधनों का विकास तेज़ होगा। खनिज विभाग ने दोहराया कि नीलामी नियमों के अनुसार ही की गई है और कोई भी निर्णय पूरी पारदर्शिता के साथ लिया गया है। भविष्य में भी रेत खनन से संबंधित प्रत्येक प्रक्रिया कानून एवं नियमों के अनुसार सुनिश्चित की जाएगी।

### आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने कलेक्टोरेट स्टाफ को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग

**कोरिया।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार समस्त शासकीय कार्यालयों में आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू किए जाने हेतु कलेक्टर कार्यालय कोरिया में कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को सेल्फ रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया http-sÑ//cggad.attendance.gov.in/ पोर्टल का उपयोग,-मोबाइल एप्लीकेशन आधारबेस एवं आधार फेसरेड की इंस्टॉलेशन और संचालन का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। नियुक्त नोडल अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर लॉग-इन कर सेल्फ रजिस्ट्रेशन हेतु आए हुए यूज़र्स को एक्टिवेट किया गया, जिसके बाद वे आधार-सक्षम प्रणाली से अपनी उपस्थिति दर्ज करने में सक्षम हो गए। ट्रेनिंग के दौरान संपूर्ण प्रक्रिया कर्मचारियों को इस प्रकार समझाई गई कि भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी कठिनाई न आए। इस अवसर पर सबसे पहले जिले की कलेक्टर का पोर्टल पर सेल्फ रजिस्ट्रेशन किया गया और नई प्रणाली के माध्यम से उनकी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इस व्यवस्था का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

## कलेक्टर ने की नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील, 18 वर्ष पूर्ण करने वालों के लिए सुनहरा अवसर

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराया जा रहा है। आयोग द्वारा पूर्व में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रमों की तिथियों में संशोधन करते हुए समय-सीमा बढ़ाकर नवीन संशोधित तिथि जारी किया गया है।

छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की शुरुआत 4 नवंबर 2025 से हो चुकी है। इसी क्रम में कोरिया जिले में भी यह अभियान तेज गति से जारी है। जिले के सभी मतदान केंद्रों में नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का विवरण अद्यतन हो सके। भारत निर्वाचन आयोग ने इस विशेष पुनरीक्षण के लिए 1 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि के रूप में निर्धारित किया है। इससे 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के लिए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने का सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। संशोधित तिथि के अनुसार मतदाताओं से गणना पत्रक प्राप्त करने की तिथि 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर तक किया गया है। मतदाता सूची का प्रारंभिक (प्रारूप) प्रकाशन 16 दिसंबर को किया जाएगा और इसी के साथ दावा आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही भी शुरू हो जाएगी।

दावा आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित किया गया है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा। ऑफलाइन, बीएलओ के माध्यम से फॉर्म भरकर जमा करें, ऑनलाइन के तहत मोबाइल ऐप अथवा वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। किसी भी समस्या के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन 1950 उपलब्ध है। ऐप में बुक ए कॉल विथ बीएलओ फीचर से सीधे बीएलओ से संपर्क की सुविधा।जिला एवं तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क और आईटी डेस्क कार्यालय समय में सहायता के लिए सक्रिय हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के नागरिकों से पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह अभियान मतदाता सूची को अधिक सटीक, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने का महत्वपूर्ण कदम है, इसलिए सभी पात्र नागरिक अपने नाम और विवरण का अनिवार्य रूप से सत्यापन करें। कलेक्टर ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में प्रत्येक नागरिक महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी पात्र व्य नाम का पंजीकरण अवश्य कराएं और मतदाता सूची को सशक्त बनाने में योगदान दें।

### शौचालय बना आजीविका का केंद्र

**एमसीबी।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जहां एक ओर व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए डोर-टू-डोर संपर्क और सामुदायिक सहभागिता पर बल दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता को आजीविका व आय सृजन का सशक्त माध्यम भी बनाया जा रहा है। इसी नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की ग्राम पंचायत चैनपुर में कलेक्ट्रेट भवन के समीप निर्मित दिव्यांग समावेशी सामुदायिक स्वच्छता परिसर है।

## छिंदिया धान खरीदी केंद्र में बड़ी कार्रवाई- 254 बोरी अवैध धान जब्त



**कोरिया।** जिले में अवैध धान परिवहन और जमाखोरी पर जिला प्रशासन की सतत निगरानी के बीच धान खरीदी केंद्र छिंदिया में बड़ी कार्रवाई की गई। केंद्र में श्री नीरज कुशवाहा द्वारा धान की बोरी फड़ के अंदर लाते हुए पाए जाने पर तत्काल जांच की गई।

मौके पर पहुंचे तहसीलदार पटना, सहायक पंजीयक, खाद्य निरीक्षक पटना तथा खाद्य एवं राजस्व विभाग के अधिकारी द्वारा विस्तृत जांच की गई। जांच के दौरान श्री नीरज कुशवाहा का कथन लिया गया, जिसमें महत्वपूर्ण खुलासा हुआ कि खरीदी केंद्र के पास स्थित श्री सोनसाय के मकान में कुल 254 बोरी धान रखा गया था। इनमें से 24 बोरी धान को नीरज कुशवाहा द्वारा केंद्र में खरीदे गए धान के स्टैक में मिलाया गया था। शेष 230 बोरी धान वही मकान में भंडारित पाया गया। जांच दल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी 254 बोरी धान को जब्त कर सीलबंद कर दिया तथा इसे धान खरीदी केंद्र छिंदिया के खरीदी प्रभारी रवि कुमार साहू की सुपुर्दगी में सौंपा गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता, फर्जी बिक्री या अवैध संचयन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी और सतत कार्रवाई जारी रहेगी।

# खनिज विभाग की सख्त कार्रवाई-अवैध रेत परिवहन में तीन वाहन जप्त



**कोरिया।** जिले में अवैध खनन और गौण खनिजों के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग ने अवैध रेत परिवहन कर रहे चालकों पर कार्रवाई किया है।

तहसील पटना क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते पाए गए तीन वाहनों को मौके पर ही जप्त किया गया। गश्त के दौरान जब्त किए गए वाहनों को तत्काल प्रभाव से कब्जे में लेकर पटना थाना में अभिरक्षा में रखा गया है। सोल्ड स्वराज ट्रैक्टर-वाहन चालक मौके से फरार हो गया जबकि सोल्ड महिंद्रा वाहन के मालिक श्री मुक्कू तथा सोल्ड स्वराज वाहन के मालिक श्री जय प्रकाश साहू के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए नियमित निरीक्षण और कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### महाविद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण हटाने की मांग तेज

**रामानुजगंज।** शासकीय लरंगसाय अग्रणी महाविद्यालय, रामानुजगंज की आवंटित भूमि पर वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण को हटाने एवं पुन: सीमांकन कराए जाने की मांग को लेकर नगर पालिका परिषद रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 06 के पार्षद एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विकास गुप्ता ने जिला कलेक्टर को एक विस्तृत आवेदन सौंपा है। श्री गुप्ता ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1987 में हुई थी, जबकि भूमि आवंटन की प्रक्रिया 1991 से प्रारंभ होकर वर्ष 2000 में पूर्ण हुई। उस समय मध्यप्रदेश शासन द्वारा महाविद्यालय को खसरा नंबर 76/6, रकबा 2.23 हेक्टेयर (लगभग 5.50 एकड़) भूमि विधिवत आवंटित की गई थी। इसी भूमि पर महाविद्यालय भवन निर्मित होकर आज भी शैक्षणिक गतिविधियाँ संचालित हैं।

## विधायक पटेल ने समीक्षा बैठक ली

**कोरबा।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल ने एसआईआर को लेकर समीक्षा बैठक ली। इसमें कटघोरा विधानसभा संयोजक हरीश थरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि भिलाईबाजार, दीपका व हरदीबाजार मंडल की बैठक ली गई है। जिसमें दिनेश राठौर, राजू प्रजापति, कृष्णा पटेल सहित सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इधर छुरी नगर पंचायत के उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी के द्वारा भी कल सलोरा में जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। इस बैठक में रूपरेखा तैयार करते हुए दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में रमेश श्रीवास, टिकैत डोंगरे, श्याम कुमार साहू, कामता देवांगन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जिलाध्यक्षों को रायपुर बुलाया

**कोरबा।** कांग्रेस कमेटी के नए जिलाध्यक्षों मनोज चौहान व मुकेश राठौर को रायपुर बुलाया गया है। कल यहां पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के द्वारा बैठक ली जाएगी। 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाले आंदोलन के संबंध में इन्हें जानकारी दी जाएगी। सभी क्षेत्रों से कार्यकर्ताओं को दिल्ली ले जाया जाएगा। 14 दिसंबर को होने वाले आंदोलन की रूपरेखा तैयार होगी। इसके बाद यहां पर मनोज चौहान व मुकेश राठौर द्वारा कार्यकर्ताओं की अलग-अलग बैठक लेकर दिल्ली जाने वालों की सूची तैयार की जाएगी।

## कश्यप रायपुर, गर्ग जाएंगे देवघर

**कोरबा।** चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ.देवेंद्र कश्यप रायपुर के लिए रवाना हुए हैं। यहां पर वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे क्षेत्र का दौरा करेंगे। प्रदेश संयोजक बनने के बाद डॉ. देवेंद्र कश्यप का स्वागत कोसाबाड़ी क्षेत्र में किया गया था। इधर पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक पवन गर्ग, प्रदेश संयोजक बनने के बाद बाबाधाम के लिए रवाना हो गए हैं। वे वहां जाकर मत्था टेकेंगे। वापस आने के बाद क्षेत्रों का दौरा करेंगे।

## जैतखाम पर चढ़ाया जाएगा ध्वज

**कोरबा।** रामपुर बस्ती में गुरु घासीदास जयंती समारोह की तैयारी शुरू कर दी गई है। अजा मोर्चा की जिला मंत्री रमा मिरी के द्वारा जैतखाम पर ध्वज चढ़ाने की तैयारी की जा रही है। गुरु घासीदास जयंती समारोह के अवसर पर भंडारा लगाया जाता है। इसके अलावा अजा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. जय लहरे के द्वारा भी मिठाई वितरण भी किया जाता है।

## मानिकपुर खदान में मेनपावर बढ़ाने की मांग

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर खदान में कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए बीकेकेएमएस के द्वारा मेनपावर बढ़ाने की मांग की जा रही है ताकि कोयला उत्पादन बढ़ाया जा सके। यहां के कामगारों का स्थानांतरण कुसमुंडा क्षेत्र कर दिया गया था। इसके चलते उत्पादन पर इसका असर पड़ रहा है। बीकेकेएमएस के संजय सिंह व ललिंद्र पवार ने प्रबंधन से कहा है कि यहां पर डंपरों की कमी है। मांगपत्र सौंपे जाने के बाद कुछ डंपर यहां आ गए हैं। अन्य क्षेत्रों से भी कामगारों को लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## नोनबिर्रा पंचायत में अतिक्रमण हटाने पर होगी कार्रवाई

**कोरबा।** नोनबिर्रा इलाके में सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों ने कमर कसी है। इसे हटाने के लिए सबडिविजनल ऑफिसर राजस्व को अवगत कराया गया। उनसे कहा गया कि अतिक्रमण हट जाने से सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करना आसान होगा। करतला विकासखंड के अंतर्गत आने वाले इस पंचायत क्षेत्र में कई लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है बीते वर्षों में इस बारे में शिकायत की गई लेकिन हुआ कुछ नहीं कार्रवाई। बताया गया कि नोनबिर्रा सरपंच, उपसरपंच सहित यहां के कई लोगों ने इस मसले पर कोरबा एसडीएम को वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

# क्लीयरेंस के हिसाब से होगा कोरबा के प्रथम रेल अंडरपास का काम

## रेलवे की अनुमति का इंतजार, कुछ मामले हाईकोर्ट में लंबित

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के देवड़ा रोड कोरबा रेल खंड पर कोरबा के संजय नगर क्षेत्र अंतर्गत रेल अंडरपास का मामला 9 दिन चले लड़ाई कोस होकर रह गया है। पौने दो साल पहले शुरू हुई इस परियोजना पर अब तक खास प्रगति नहीं हो सकी है। अभी भी टेंडर का पता पता नहीं है लेकिन दावा किया जा रहा है कि जल्द ही इसे पूरा किया जाएगा। वर्क आर्डर होने के बाद क्लीयरेंस के हिसाब से कामकाज शुरू किया जाएगा।



छत्तीसगढ़ ब्रिज कॉरपोरेशन को कोरबा में बनने वाले पहले रेल अंडरपास संजय नगर के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है। रेलवे और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से मिलकर इस काम को करना तय किया है इस पर अलग भाई 31 करोड रुपए खर्च होने हैं। इसी में से 9 करोड रुपए की राशि पानी की पाइपलाइन को शिफ्ट करने के लिए रखी गई है जिसे काफी कम कर लिया गया है। जबकि रेलवे लाइन के नीचे के हिस्से वाला काम बचा हुआ है। ब्रिज कॉरपोरेशन के एक अधिकारी ने बताया कि रेल अंडर पास के लिए टेंडर की प्रक्रिया काफी समय से जारी है और पूरी संभावना है कि अगले कुछ दिनों में इसे पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ वर्क आर्डर इशू किया जाएगा। इसी आधार पर कामकाज की समय सीमा भी सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि कम से कम 3 वर्ष का समय इस प्रोजेक्ट को पूरा होने में लगेगा। जानकारी दी गई की एक दो मामले में रेलवे स्तर से अनुमति मिलना बाकी है। ब्रिज कॉरपोरेशन ने बहुत पहले इस बारे में आवेदन देने की प्रक्रिया को पूरा कर लिया था। सभी संबंधित दस्तावेज रेलवे को उपलब्ध करा दिए गए हैं। कोरबा की सबसे बड़ी समस्या और व्यापक जनहित में इसकी आवश्यकता की पूरी जानकारी रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को है लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अभी तक मामले में अनुमति देने की जरूरत नहीं समझी है। इस प्रकार से रेलवे के स्तर से अनुमति लंबित है। संजय नगर के प्रस्तावित रेल अंडरपास के आसपास कुछ निर्माण को लेकर संबंधित लोगों ने हाई कोर्ट में याचिका लगा रखी है जिसका निराकरण बाकी है। इसके होने तक जितने मामले में क्लीयरेंस मिलेगा, उस आधार पर हम काम शुरू करेंगे। अधिकारी ने पूरे भरोसे के साथ कहा कि ब्रिज कॉरपोरेशन कोरबा के पहले रेल अंडरपास का काम वर्ष 2025 में शुरू कर देगा।

### प्रभावितों को बांटा 3 करोड़ का मुआवजा

संजय नगर रेल अंडरपास के प्रस्तावित निर्माण क्षेत्र के अंतर्गत बहुत सारे अतिक्रमण प्रशासन के द्वारा इस वर्ष हटाए गए। इस तरह के 91 मामलों में संबंधित लोगों को 3 करोड रुपए की मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। कुछ मामलों को लेकर पेंच फंसा हुआ है जिसे दूर करने की कवायद की जा रही है।

## खेत में लगे जाल में पूरी तरह फंसा था अजगर, किया गया रेस्क्यु



**कोरबा।** कोरबा जिले के रिश्दी में एक विशाल काय अजगर जाल में फस गया था जब किसान संजय कंवर अपने खेत को देखने गया था तो देखा कि एक विशाल काय अजगर फसा हुआ हैं जिसके बाद अजगर को छुड़ाने की कोशिश किया गया पर सफल नहीं हुए फिर वन्य जीव को बचाने के उद्देश्य किसान ने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम (नोवा नेचर) के रेस्क्यु प्रमुख जितेंद्र सारथी को दिया जिस पर थोड़ी देर में पहुंचने की बात कही गई थोड़ा देर बाद मौके स्थल पर रेस्क्यु टीम पहुंची फिर अजगर को खेत से निकाल कर सूखे जगह पर लाया गया फिर कुछ लोगों की मदद से कैची की मदद से जाल को धीरे धीरे काटा गया आखिकार काफी मशक्कत और मेहनत के बाद अजगर को जाल से बाहर निकाल पाने में रेस्क्यु टीम कामयाब हुए तब जाकर सभी ने राहत भरी सांस लिया फिर वन विभाग के सूचना उपरांत जितेंद्र सारथी एवं भूपेंद्र जगत ने 8 फीट के विशाल काय अजगर को सुरक्षित उसके प्राकृतिक रहवास जंगल में छोड़ा गया। जितेंद्र सारथी ने बताया कोरबा जिले में लोगों में सांपों को लेकर काफी जागरूकता आई हैं।

## थाना प्रभारियों की हुई बैठक

**कोरबा।** अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारी ने आज कोरबा जिले के थाना चौकी प्रभारी की बैठक ली। संबंधित क्षेत्र में अलग-अलग प्रकार के अपराधों की स्थिति और इसमें की गई कार्यवाही की समीक्षा भी की गई।

बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य संपादन के लिए कुछ प्रभारी को सराहना मिली और कुछ को निर्देशित किया गया कि वह कामकाज की गति को बेहतर करें। बैठक में प्रभारी ने अपने क्षेत्र में घटित होने वाली घटनाओं और इसके पीछे के कारणों के बारे में अधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों में किस प्रकार से अनुसंधान किया गया और परिणाम तक पहुंचने की कोशिश की गई। लंबे समय से अलग-अलग कैसे में फरार चल रहे आरोपियों की धर पकड़ के संबंध में अपडेट किया गया




**वार्षिकोत्सव में चमके लायंस स्कूल के छात्र :** कोरबा के लायंस अंग्रेजी माध्यम वाले हाई सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन धूमधाम से संपन्न हो गया इस अवसर पर विद्यार्थियों को अलग-अलग विद्या में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया गया समापन अवसर पर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में लाइंस विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे

## प्रदूषण बढ़ रहा, दावों पर प्रश्नचिन्ह

**कोरबा।** प्रदूषित शहरों में शामिल हुए कोरबा में प्रदूषण नियंत्रण के कथित दावों पर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। खबर है कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग के द्वारा जो पैरामीटर्स बताए जा रहे हैं उसके मुकाबले जमीन पर प्रदूषण की स्थिति कुछ ज्यादा नजर आ रही है।



## चार पहिया गाड़ी के नीचे आया युवक

**कोरबा।** शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे शुभदा परिसर के सामने मुख्य मार्ग मोड पर बाइक की टक्कर कार से हो गई। बाइक के पीछे बैठा युवक गिर पड़ा। वह चार पहिया वाहन के पहिये के नीचे आते आते बचा। इस दौरान यहां पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हुआ। युवक को मौके से हटकर आनंद-फानन में अस्पताल भिजवाया गया उसके बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है।

## सीआईएसएफ ने कोयलांचल में चलाया स्वच्छता अभियान



**कोरबा।** राष्ट्रीय स्तर पर कोरबा नगर निगम को कुछ समय पहले ही स्वच्छता के मामले में आठवीं रैंकिंग प्राप्त हुई है। इसी के साथ अब जिले के दूसरे इलाकों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अर्ध सैनिक बल सीआईएसएफ ने कोरबा से लेकर दीपिका में नगर पालिका परिषद के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। सार्वजनिक स्थान की साफ सफाई करने के साथ लोगों को इस दिशा में जागरूक किया गया।

एसईसीएल कॉलोनी गेवरा स्थित विभागीय अस्पताल, स्थानीय पार्क और आसपास के क्षेत्र की स्वच्छता के लिए विशेष ड्राइव ऑपरेट किया गया। नगर पालिका और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की दमकच का उपयोग इस काम में लिया गया। पानी से परिसर की धुलाई के साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों ने हाथों में झाड़ू लेकर काफी बड़े हिस्से को साफ किया। बताया गया कि सीआईएसएफ के डीआईजी निर्विकार के आदेश पर सीनियर कमांडेंट डॉ. नागेंद्र झा, डिप्टी कमांडेंट नकुल वर्मा, प्रवेश पांडेय, असिस्टेंड कमांडेंट रमेश कुमार और यासिन चौधरी ने अभियान को हाथ में लिया। उनके साथ निरीक्षक सुरेश कुमार, सुधीर कुमार, लोकेश के.मधुकर, रामरेगम कार्तिक, असिस्टेंट सब इंस्पेक्ट नीरज पांडे, संदीप कुमार, बीएचएम एम.के.द्विवेदी, सीएचएम रंजीत यादव, एलओ रामगोपाल शर्मा, बी.बी.राव, एमटीओ प्रकाश सहित अन्य के द्वारा मौके पर श्रमदान किया गया। उन्होंने क्षेत्र में आम लोगों को इस अभियान की जानकारी दी और आह्वान किया कि सभी लोग अपने आसपास के इलाके को साफ-सुथरा बनाने में भूमिका निभाएं।

*कोरबा। अग्रसेन गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य मनोज झा ने कहा है कि नई शिक्षा नीति में व्यावहारिक रूप से कई परिवर्तन किए गए हैं। इससे बहुत कुछ परिवर्तन पाठ्यक्रम के स्तर पर हुआ है। माना जा रहा है कि प्राध्यापकों के साथ-साथ विद्यार्थियों को एक नई दृष्टि इससे प्राप्त होगी।

# अतीत की विरासत को सहेजना बड़ी उपलब्धि

## शासकीय कॉलेज करतला ने किया खास आयोजन

**कोरबा।** छ.ग. शासन एवं अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के निर्देशानुसार जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत - ऐतिहासिक, सामाजिक, आध्यात्मिक योगदान विषय पर शासकीय महाविद्यालय करतला , जिला- कोरबा में कार्यक्रम का आयोजन पिछले दिनों किया गया तथा इस कार्यक्रम में हमारे जनजाति समाज के जनजीवन में उपयोग किए जाने वाले सामग्री एवं उनके संस्कृति के सुरता के रूप में महाविद्यालय में ' पुरखा के सुरता ' का विधिवत उद्घाटन इस समारोह के मुख्य अतिथि- जुड़ावन सिंह ठाकुर, प्रांत अध्यक्ष, विद्या भारती, विशिष्ट अतिथि रघुराज सिंह उईके एवं बीरबल सिंह, संगठन मंत्री , वनवासी कल्याण आश्रम कोरबा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी, भगवान बिरसा मुंडा ,शहीद वीर नारायण सिंह ,रानी दुर्गावती के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात




राज्य गीत का गायन किया गया । अतिथियों का जनजातीय परंपरा के अनुसार हाथ धुलाकर एमहाविद्यालय के प्राचार्य मृगेश कुमार यादव द्वारा स्वागत एवं इस 'पुरखा के सुरता' को महाविद्यालय के नवाचार के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि बताया जो कि डॉ घनश्याम संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग के प्रेरणा से सम्भव हुआ है। महाविद्यालय के जनजाति गौरव समिति के संयोजक डॉ सपना मिश्रा, श्रीमती मनीषा मिंज, अन्य प्राध्यापगण के साथ यहां के छात्र - छात्राओं के अथक परिश्रम से इसका निर्माण हुआ है, जुड़ावन सिंह ठाकुर ने कहा कि जनजाति समाज की संस्कृति बहुत ही विविध और समृद्ध है। उनके पास अपनी अलग-अलग नृत्य, संगीत और कला रूप हैं ।

जनजाति समाज के लोग अपने पारंपरिक तरीके से जीवन जीते हैं और प्रकृति के साथ सामंजस्य से बनाए रखते हैं। आज भी जनजातीय समाज के लोग अपने समुदाय के विकास और उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। वे शिक्षा स्वास्थ्य और आर्थिक विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उनको साजो के रखना हमारा दायित्व है , इसी कड़ी में 'पुरखा के सुरता' की कल्पना कर उसको साकार करना महाविद्यालय की बहुत बड़ी उपलब्धि है एवं पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायी सार्थक प्रयास है। करतला महाविद्यालय जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है । जनजातियों के कला एवं संस्कृति को इंगित करने के लिए महाविद्यालय के द्वारा 'पुरखा के सुरता' स्थान का निर्माण किया गया है।

## बैगिनडभार खटाल मोहल्ला में चलाया गया गृह संपर्क



**कोरबा।** शहरी क्षेत्र के बैगनदभार खटाल मोहल्ला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा संपर्क के अंतर्गत नागरिकों से भेंट की गई। उन्हें भारत माता की तस्वीर के साथ साहित्य उपलब्ध कराया।

स्थानीय नागरिकों से इस अभियान के अंतर्गत संपर्क करते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय संदर्भ में आरएसएस विभिन्न कार्यों को संचालित कर रहा है। पिछले 100 वर्ष की यात्रा में संघ ने कई प्रकार से लोगों को न केवल जागृत किया बल्कि बड़े हिस्से में बदलाव होते भी देखा। पंच परिवर्तन इस वर्ष की गतिविधियों में सबसे खास आयाम है। इसके अंतर्गत सामाजिक स्तर पर विभिन्न कार्यों को किया जाना है। जानकारी के अनुसार कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान को पिछले 15 नवंबर से शुरू किया गया है। इसका समापन आगामी दिनों में होना है।

## शारदा विहार में नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमिपूजन, लोग रहे उपस्थित

**कोरबा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत 'मानव में देवत्व का उदय एवं धरती पर रामराज्य का निर्माण' के संकल्प को साकार करने की दिशा में तैयारियां शुरू हो गई हैं। शारदा विहार, कोरबा परिसर में मासांत को नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम विधि-विधान से सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के साधक-साधिकाएं, सामाजिक कार्यकर्ता तथा श्रद्धालु उपस्थित रहे। जिला समन्वयक राजकुमार देवांगन ने



अपने उद्बोधन में कहा कि गायत्री यज्ञ भारतीय संस्कृति की जीवन शक्ति है। यज्ञ से मानव जीवन का परिष्कार, विचारों की पवित्रता तथा स्वस्थ-संस्कारी समाज निर्माण का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने बताया कि महायज्ञ के दौरान विविध आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं समाजहित के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर यज्ञ के पुण्य एवं सकारात्मक ऊर्जा का लाभ लेने की अपील की।




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com